आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 21 मार्च 2025 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-07 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-348 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 22 मार्च 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

# धान खरीदी में भ्रष्टाचार का मामला सदन में गूंजा

## नेता प्रतिपक्ष ने स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से की चर्चा कराने की मांग, अध्यक्ष ने सभी सदस्यों के विचार सुनने के बाद कर दिया अग्राह्य

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 21 मार्च।** प्रदेश में धान खरीदी के विपणन एवं वितरण तथा खरीदी में हुए भ्रष्टाचार के मामले को लेकर शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष ने स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से पूरे मामले में सरकार से वक्तव्य देने और चर्चा कराने की मांग की। चर्चा में भूपेश बघेल सहित अन्य कांग्रेस विधायकों ने भाग लिया और सरकार पर आरोप लगाया कि कुल उत्पादन और खरीदी में अंतर है तथा भ्रष्टाचार खुलकर हुआ है। भूपेश बघेल ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम के बयान पर आपत्ति जताते हुए सदन से बहिगर्मन की घोषणा की। अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कहा कि धान खरीदी एवं विपणन के मामले में सभी विधायकों के विचार सुनने के पश्चात स्थगन प्रस्ताव की सूचना को अग्राह्य कर दिया।

विधानसभा में आज शून्यकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने धान खरीदी में हुए भ्रष्टाचार का मामला सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा 149 लाख टन धान उत्पादन की घोषणा की गई थी लेकिन खरीदी 110 लाख टन की हुई। शेष धान खरीदी के अंतर की राशि कहां गई। कांग्रेस के उमेश पटेल ने कहा कि सरकार द्वारा उत्पादन का रिकार्ड कुछ बताया गया है और खरीदी का लक्ष्य अलग-है जिससे पूरा मामला गोलमोल हो गया है। कांग्रेस के व्यास कश्यप ने चांपा-जांजगीर में धान खरीदी का रकबा सिंचित क्षेत्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि यहां पर रिकार्ड उत्पादन हुआ है लेकिन 6 हजार किसानों का धान नहीं खरीदा गया है। चर्चा में संगीता सिन्हा सहित अन्य विधायकों ने भी भाग लिया। धान खरीदी के मामले को लेकर कांग्रेस के लालजीत राठिया ने भी आपत्ति जताई और कहा कि सरकार द्वारा सभी आंकड़े फर्जी दिए गए हैं। कुल उत्पादन और खरीदी का लक्ष्य अलग-अलग होने के कारण पूरा मामला संदेहास्पद है। कांग्रेस की संगीता सिन्हा ने भी बालोद में धान खरीदी में हुए घोटाले का मामला सदन में उठाया।

चर्चा के अंत में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि धान खरीदी का मामला काफी गंभीर है। किसानों के साथ अन्याय किया गया है। इस पूरे मामले में सरकार को अपना वक्तव्य देना चाहिए। पूरी चर्चा कराने के बाद वस्तुस्थिति स्पष्ट हो जाएगी। उन्होंने कहा कि कई जिलों में पंजीकृत किसानों का आंकड़ा और खरीदी करने वालों का आंकड़ा अलग-अलग है जिससे पूरा मामला संदेहास्पद हो गया है। इस बीच कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने समझाइश देते हुए कहा कि आज सदन का अंतिम दिन है इसलिए आपसी मेल-जोल और सौहार्द्र बनाकर रखें। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस पर आपत्ति जताई और सदन में सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए बाहर चले गए। अध्यक्षीय आसंदी से डॉ. रमन सिंह ने व्यवस्था देते हुए कहा कि धान खरीदी के मामले में पूरी चर्चा हो गई है। विपक्ष के सदस्यों की बात सुन ली गई है। मैं स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य करता हूं। इसके विरोध में कांग्रेस सदस्यों ने जमकर शोरशराबा किया।

### प्रदेश में पेयजल संकट पर धरमजीत सिंह ने चिंता जताई

विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से भाजपा सदस्य धरमजीत सिंह ने गर्मी आने के पश्चात मार्च माह में सूखे की स्थिति पर उपमुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि नदियों का जलस्तर निरंतर गिरता जा रहा है। पीएचई मंत्री अरुण साव ने कहा यह कहना सही नहीं है कि प्रदेश में इस वर्ष गर्मी आने से पहले मार्च माह में ही सूखे की भयावह स्थिति निर्मित हो गई है, शिवनाथ समेत प्रदेश की महत्वपूर्ण नदियों का जलस्तर लगातार गिरता जा रहा है। छत्तीसगढ़ में जल संकट का एक बड़ा उदाहरण हमने पिछले वर्ष देखा है। जब राजधानी समेत प्रदेश के मुख्य शहरों में पेयजल उपलब्ध कराने वाले गंगरेल बांध को जल संकट का सामना करना पड़ा था। बांध की कुल क्षमता के मुकाबले सिर्फ 8 फीसदी पानी ही शेष बचा था। छत्तीसगढ़ में उपयोगी सतही जल की उपलब्धता 4,17,200 लाख क्यूबिक मीटर है, जबकि भू-जल उपलब्धता का आंकड़ा 1,45,480 लाख क्यूबिक मीटर का है।

## संक्षेप

### भावना बोहरा व लखेश्वर बघेल उत्कृष्ट विधायक

**रायपुर, 21 मार्च।** विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सत्ता पक्ष के भावना बोहरा



तथा विपक्ष के लखेश्वर बघेल को उत्कृष्ट विधायक का पुरस्कार देने की घोषणा की है। संसदीय पत्रकारिता के अंतर्गत पत्रकार राकेश पाण्डेय, योगेश मिश्रा एवं कैमरामेन शिवप्रकाश पुरैना को पुरस्कार देने की घोषणा की गई। यह पुरस्कार आगामी दिनों में आयोजित कार्यक्रम में दिया जाएगा। आज अंतिम दिन होने के कारण विधानसभा में नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों एवं महत्वाकांक्षी नेताओं का जमावड़ा लगा रहा।

### वाहन ने मवेशियों को कुचला, 8 की मौत

**बिलासपुर,21 मार्च।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है. मुंगेली रोड स्थित पेंडारी के पास एक अज्ञात वाहन ने सड़क पर बैठे मवेशियों को कुचल दिया. इस घटना में 8 मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 घायल हो गए. यह मामला सकरी थाना क्षेत्र का है. घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी. सकरी थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए व्यवस्था की और मृत मवेशियों को हटाया. वहीं पुलिस अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है.

### केंद्रीय कर्मियों के लिए नई पेंशन योजना का नोटिफिकेशन जारी

**नई दिल्ली,21 मार्च।** केंद्रीय कर्मचारियों के लिए गारंटी पेंशन प्रदान करने हेतु एकीकृत पेंशन योजना की घोषणा की गई थी, जिसका कार्यान्वयन 1 अप्रैल 2025 से शुरू होगा. वर्तमान और नए भर्ती होने वाले कर्मचारी इस योजना में भाग लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं. पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरणने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. 1 अप्रैल से केंद्रीय सरकारी कर्मचारी पोर्टल पर आवेदन कर सकेंगे.

### राजस्व निरीक्षक पदोन्नति परीक्षा की जांच करेगा ईओडब्ल्यू

**रायपुर,21 मार्च।** पटवारी राजस्व निरीक्षक पदोन्नति विभागीय परीक्षा 2024 में गड़बड़ी की शिकायत की जांच अब आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) करेगी. शिकायत के मुताबिक, पदोन्नति परीक्षा में 22 सगे-संबंधियों को आसपास रोल नंबर आवंटित कर परीक्षा में बिठाया गया था. संबंधियों में पति-पत्नी और साली भी शामिल बताए गए थे. परीक्षार्थी सचिव राजस्व निरीक्षक के पद पर पदोन्नति होकर चयनित भी हुए. इस मामले में राज्य शासन की ओर से जांच समिति का 23 अगस्त 2024 को गठन हुआ था. इसके बाद अब राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव को पत्र लिखा गया है.

### अभिनेता शाहरुख खान पर रायपुर कोर्ट में केस दर्ज

**रायपुर,21 मार्च।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से बड़ी खबर सामने आ रहीं है। रायपुर कोर्ट में बॉलीवुड के अभिनेता फिल्म एक्टर शाहरुख खान पर अधिवक्ता फैजान खान ने केस दर्ज कराया है। उनके खिलाफ भ्रामक विज्ञापन कर युवाओं को गुमराह करने का का आरोप लगाया गया है। अधिवक्ता फैजान ने आरोप लगाया है कि, शाहरुख जैसे बड़े अभिनेता युवाओं को विज्ञापनों के जरिये भ्रमित करने का काम कर रहे हैं।

# मानसिक चिकित्सालय में स्टाफ की नियुक्ति में देरी, हाईकोर्ट नाराज

**बिलासपुर,21 मार्च।** राज्य मानसिक चिकित्सालय में मनोरोग चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ की नियुक्ति को लेकर कई बार निर्देश देने के बावजूद देरी को लेकर हाइकोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। इस पूरे मामले में मुख्य सचिव से जवाब पेश करने कहा गया है। मामले की अगली सुनवाई 8 अप्रैल 2025 को तय की गई है। हाईकोर्ट में लगाई गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने राज्य सरकार से लगातार नियुक्ति के विषय में 22 अगस्त 2024 से लेकर 4 बार सुनवाई और आदेश के परिपालन नहीं होने की बात कही। वहीं 180 मरीजों को संभाल रहे सिर्फ 2 वार्ड बॉय पर स्वत-संज्ञान लेते में हुए नाराजगी जताई है। प्रदेश के एकमात्र मानसिक चिकित्सालय में चिकित्सकों व स्टाफ की कमी को लेकर एक अन्य जनहित याचिका दायर की है। वहीं इस मामले में दायर दो याचिकाओं की सुनवाई हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच में एक साथ चल रही है। बीते सुनवाई के दौरान राज्य शासन ने डिवीजन बेंच के समक्ष जवाब पेश किया था। इसमें जानकारी दी थी कि मानसिक रोगी चिकित्सालय में बिस्तरों की संख्या बढ़ाकर 200 की जा रही है। इसके लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी भी दूर करने का निर्णय लिया गया है। राज्य शासन की ओर से पैरवी करते हुए महाधिवक्ता कार्यालय के विधि अधिकारियों ने डिवीजन बेंच को जानकारी दी थी कि विशेषज्ञ चिकित्सकों के अलावा स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया जल्द प्रारंभ की जाएगी। गुरुवार को हुई सुनवाई में राज्य शासन के अलावा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने भी अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट के समक्ष जवाब पेश किया। दोनों ही पक्षों से जवाब आने के बाद डिवीजन बेंच ने अगली सुनवाई के लिए 8 अप्रैल का समय तय कर दिया है। बता दें कि 22 अगस्त 2024 के आदेश के अनुपालन में मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन का शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया था, जिसमें बताया गया था कि राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी में नियुक्ति सहित राज्यभर में वर्ग-III एवं IV के 650 पदों पर नियुक्ति की जानी है। राज्य अधिवक्ता ने कहा था कि भर्ती प्रक्रिया अभी भी प्रगति पर है, लेकिन लगातार हो रही सुनवाई में अब तक इस प्रक्रिया को पूरी होने की जानकारी पेश नहीं की है। इस पर बेंच ने इस पूरे मामले में राज्य शासन के मुख्य सचिव से शपथ पत्र के माध्यम से जवाब पेश करने का आदेश दिया है और अगली सुनवाई 8 अप्रैल 2025 को तय की है।

# नक्सलियों के 8 लाख कैश और विस्फोटक बरामद

गरियाबंद,21 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़



छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ एक और बड़ी सफलता मिली है। थाना मैनपुर के पंडरीपानी इलाके में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा छुपाए गए 8 लाख रुपये नकद और विस्फोटक सामग्री बरामद की है। यह रकम ग्रामीणों और व्यापारियों से डराकर वसूली गई थी। 20 मार्च 2025 को गरियाबंद पुलिस, एसटीएफ, कोबरा 207, सीआरपीएफ 65 बटालियन और 211 बटालियन की संयुक्त टीम ने यह ऑपरेशन चलाया। डीएसपी गरिमा दादर के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने गुप्त सूचना के आधार पर पंडरीपानी के जंगलों में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। करीब 11 बजे टीम को जंगल में एक संदिग्ध जगह पर खुदाई के दौरान स्टील का डिब्बा मिला। जब उसे खोला गया तो अंदर से नीले रंग की झिल्ली में लपेटे गए 8 लाख रुपये नकद मिले। इसके साथ ही 13 नग ज्वलनशील जलेटिन विस्फोटक, नक्सली बैनर, डायरी और अन्य प्रतिबंधित साहित्य भी बरामद हुआ। गरियाबंद पुलिस का मानना है कि नक्सली इस रकम का इस्तेमाल अपने विस्तार और हमलों के लिए करने वाले थे, लेकिन समय रहते सुरक्षा बलों ने उनकी साजिश को नाकाम कर दिया। बरामद नकदी और दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह पैसा किन स्त्रोतों से इकट्ठा किया गया था और इसका इस्तेमाल कहां होने वाला था। इस कार्रवाई से माओवादियों को बड़ा झटका लगा है और सुरक्षा बलों की नक्सल विरोधी मुहिम को और मजबूती मिली है। पुलिस का दावा है कि आने वाले दिनों में और भी बड़ी कार्रवाइयां की जाएंगी।

# नक्सलियों के सफाए का असर,तेलंगाना की बजाए अब सीधे बीजापुर से जा सकते हैं पामेड़

रायपुर,21 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

प्रदेश में सुरक्षा बलों के सफल नक्सल ऑपरेशन का असर नजर आने लगा है. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि तेलंगाना



से पामेड़ जाने वाले अब सीधे बीजापुर से पामेड़ जा सकते हैं. यही नहीं 25 वर्षों से बंद गारपा का साप्ताहिक बाजार शुरू हुआ है. कोंडापल्ली में भी सेवाएं शुरू हुई हैं. 570 मोबाइल टावर लगाए गए हैं. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मीडिया से चर्चा में बताया कि गंगालूर में 26 और कांकेर-नारायणपुर एरिया में 4 नक्सली मारे गए हैं. इस तरह से कुल 30 नक्सली मारे गए हैं. सुरक्षा बल के जवानों को बहुत बड़ी सफलता मिली है. इसके साथ ही उन्होंने बताया कि नई सरेंडर नीति का अनुमोदन मंत्रिमंडल से हुआ है. सामूहिक तौर पर सरेंडर करते हैं तो इनाम की राशि डबल होगी. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि शहीद परिवार की समस्याओं पर आईजी रेंज पर सुनवाई होगी. शहीदों की मूर्ति लगाने के लिए वीर बलिदानी योजना शुरू की गई है. इसके लिए 10 करोड़ राशि स्वीकृत की गई है. पंचायत विभाग एलवद पंचायत अभियान के तहत ग्राम पंचायत में लोगों से सरेंडर कराएंगे. गांव नक्सलमुक्त घोषित करने पर विकास के लिए तुरंत एक करोड़ देंगे.

# नए विधायकों को जमीन आवंटन का उठा मामला

रायपुर,21 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के सत्रहवें और अंतिम दिन प्रश्नकाल में नए विधायकों को राजधानी में जमीन आवंटन का मामला विधायक धर्मजीत सिंह और राजेश मूणत ने उठाया. राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि अभी जमीन चिन्हांकन की कार्रवाई हो रही है. नवा रायपुर में नकटी गांव में जमीन देने का विचार चल रहा है. आवंटन के लिए अभी अंतिम निर्णय बाकी है. विधायक धर्मजीत सिंह ने विषय उठाते हुए कहा कि नए विधायकों को राजधानी में रहने की व्यवस्था नहीं है. मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मामला संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप और अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की जानकारी में है. हम जल्द ही इस मामले में कार्रवाई करेंगे. विधायक उमेश पटेल ने रायगढ़ जिले के एनएच 200 में भू-अर्जन और मुआवजे की स्थिति का मामला उठाया? उन्होंने कहा कि पिछले बार जवाब में 820.783 हेक्टेयर आया था. एक जैसा प्रश्न, मंत्री भी एक. लेकिन उत्तर 3 बार गलत तो आखिरकार कौन से उत्तर को सही माने? राजस्व मंत्री टकराम वर्मा ने बताया कि रायगढ़ जिले के निजी भूमि कुल रकबा कुल मिलाकर 141.23 हेक्टेयर निजी भूमि अर्जित की गई है. विधायक ने कहा कि इसके पहले 141.5, उसके ठीक बार फिर अलग जवाब, उत्तर सही कौन सा है? 820 और 143 जमीन=असमान का अंतर है? इस पर मंत्री ने कहा कि दोनों ही जानकारियों में अन्तर क्यों आया, इसको मैं चेक करता हूं. इस पर विधायक ने कहा कि यह लगातार हो रहा है. विधानसभा को लगातार अलग-अलग उत्तर देने पर अधिकारियों पर कार्यवाही करिए? इस पर अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि अगर आप जवाब से असंतुष्ट है तो आप उसकी प्रक्रिया कर लें. हम आगे बढ़ जाएंगे. इस पर नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि जो अन्तर आ रहा है वह बड़ा अंतर है. सीधे 820 का अंतर है. अध्यक्ष ने कहा कि आप लिख कर दे दें, हम निराकरण करेंगे.विधायक ने कहा कि NH 200 का सर्वे किसी और डायरेक्शन में था. नए सर्वे में डायरेक्शन बदल दिया गया, लेकिन पुराने सर्वे का अप्रतिबंध कब तक हटाएंगे? मंत्री ने बताया कि निर्माण शुरू होने से पहले प्रतिबंधित किया गया था. अभी नए निर्माण के भूमि अर्जित न करना पड़े, इसलिए उसे प्रतिबंधित किया गया है? विधायक ने इस पर सवाल किया कि इसे कब तक रिलीज कर दिया जाएगा मंत्री ने कहा कि मेरी जानकारी में कई बात नहीं हैं. उसे मैं दिखवा लेता हूं. विधायक उमेश पटेल ने कहा कि कई ऐसी जमीन हैं, जिन्हें मुआवजा नहीं मिला है. जमीन प्रभावित ही नहीं हुआ है, लेकिन 2 करोड़ का मुआवजा बना हुआ है. ये अगर गलती हुई है तो क्या रिकवरी के लिए अधिकारी पर कार्यवाही करेंगे इस पर मंत्री ने कहा कि इस सड़क के निर्माण के संबंध में यह 2005 का है, जिसकी जानकारी दी गई है, इसकी मैं जांच करवाऊंगा. विधायक ने कहा कि अधिकारियों से साठ-गांठ करके 2 करोड़ का मुआवजा दिया गया है. अधिकारी पर कार्यवाही की गई क्या मंत्री ने बताया कि इसकी शिकायत दर्ज करेंगे.

# राम मंदिर के लिए छोड़ भी सकते हैं सत्ता : योगी

**लखनऊ,21 मार्च।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि भारत तभी विकसित हो सकता है जब उसके लोग एकजुट हों। उन्होंने कहा कि अगर भारत एकजुट रहेगा तो दुनिया की कोई भी ताकत भारत को विकसित राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकती। श्री अयोध्या धाम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम-युवा) के अंतर्गत अयोध्या मण्डल के उद्यमियों को ऋण वितरण हेतु आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए योगी ने कहा कि जिसने राम पर लिखा, वह महान हुआ।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में सूर्यवंश की परंपरा में एक अवतार के रूप में मानवीय मर्यादा और आदर्श के सर्वोत्तम स्वरूप प्रभु श्री राम हैं जिनकी पावन धरा पर आयोजित यह सम्मेलन अदभुत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा,''मैं अद्भुत इसलिए कहूंगा कि इतने वर्षों तक अयोध्या मौन रही, जबकि यह सत्य है कि जिसने राम पर लिखा वह महान हुआ।'' उन्होंने कहा कि महर्षि नारद ने महर्षि वाल्मीकि को प्रेरणा दी कि इस धरती पर लिखने के लिए कोई महामानव है तो वह केवल राम हैं, राम पर लिखोगे तो लेखनी धन्य हो जाएगी। योगी ने साफ तौर पर कहा कि



श्री राम मंदिर के लिए सत्ता भी गंवानी पड़ेगी तो कोई समस्या नहीं। उन्होंने कहा कि हम सत्ता के लिए नहीं आए हैं। 3 पीढ़ियां राम मंदिर आंदोलन के लिए समर्पित रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यावहारिक संस्कृति पर दुनिया का पहला महाकाव्य रामायण बना जो साहित्य का आधारभूमि है तथा आप वैदिक संस्कृति से व्यावहारिक संस्कृति में आ गये। उन्होंने कहा व्यावहारिक संस्कृति से कैसे अपनी लेखनी को धन्य करना है, यह सीखना है तो महर्षि वाल्मीकि के शरण में जाएं, जिन्होंने राम को आधार बनाकर महाकाव्य की रचना कर डाली, उससे पहले उस प्रकार का महाकाव्य किसी ने नहीं रचा। योगी का कहना था कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम उसकी आत्मा बने, अयोध्या उसका आधार बनी तो साहित्य की एक नयी विधा का सृजन हो गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा उद्यमियों को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) एक बेहतरीन स्कीम है। उन्होंने कहा कि आस्था भी आजीविका का माध्यम बन सकती है, संस्कृति का पर्व भी रोजगार का पर्व बन सकता है, संस्कृति भी समृद्धि का आधार बन सकती है। उन्होंने कहा कि यह वही उत्तर प्रदेश है, जहां उपद्रव होते थे, आज उस प्रदेश में उपद्रव नहीं, उत्सव मनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विगत 8 वर्षों में वे सभी बैरियर हटाए गए हैं, जो उत्तर प्रदेश के विकास में बाधक थे।

# जातीय जनगणना का विरोध राष्ट्रविरोध:राहुल गांधी

**नई दिल्ली,21 मार्च।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यह दावा करके नया विवाद खड़ा कर दिया है कि भारत की शिक्षा प्रणाली निचली जातियों के साथ अन्यायपूर्ण है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की असमानता के बारे में सच्चाई सामने लाने के लिए जाति जनगणना महत्वपूर्ण है और कहा कि वे सभी के बीच संसाधनों के समान वितरण को सुनिश्चित करने के बीआर अंबेडकर के सपने को पूरा करने के लिए लड़ेंगे। भाजपा ने राहुल पर निशाना साधते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भारत की योग्यता प्रणाली के बारे में कांग्रेस नेता का रोना पार्टी की वंशवादी मानसिकता को दर्शाता है।




भारत की शिक्षा प्रणाली में निचली जातियों के पक्ष में न होने के राहुल के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सीआर केसवन ने कहा, ÷योग्यता पर राहुल गांधी का चौंकाने वाला बयान कांग्रेस की भाई-भतीजावादी और सामंती मानसिकता को स्पष्ट रूप से उजागर करता है। वंशवादी कांग्रेस ने हमेशा एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों से संबंधित मेधावी नेताओं को अपमानित किया है, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता के माध्यम से सार्वजनिक जीवन में प्रगति की है। यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष और शिक्षाविद सुखदेव थोराट के साथ बातचीत में राहुल ने कहा योग्यता की एक पूरी तरह से दोषपूर्ण अवधारणा है, जहां मैं अपनी सामाजिक स्थिति को अपनी क्षमता के साथ भ्रमित करता हूं। अगर कोई यह कहता है कि हमारी शिक्षा प्रणाली या हमारी नौकरशाही प्रवेश प्रणाली दलितों, ओबीसी (अन्य पिछड़ी जातियों) और आदिवासियों के लिए निष्पक्ष है। भाजपा प्रवक्ता ने आगे आरोप लगाया कि पार्टी में दलित विरोधी मानसिकता है, जो योग्यता को कुचलने की कोशिश कर रही है। भाजपा पर कटाक्ष करते हुए राहुल ने यह भी चेतावनी दी कि जाति जनगणना के विचार के विरोधी हैं जो भारत में असमानता की वास्तविकता को सामने लाते हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि जाति जनगणना इस असमानता की सच्चाई को सामने लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जबकि इसके विरोधी इस सच्चाई को सामने नहीं आने देना चाहते हैं।

# 8 बाइकर्स की दो बाइकों से भिड़ंत, मासूम समेत 3 की मौत

**बालोद,21 मार्च।** छत्तीसगढ़ में आज तेज रफ्तार के चलते डेढ़ साल के मासूम समेत 3 लोगों की मौत हो गई. 4 बाइक पर सवार 8 लोग तेज रफ्तार में स्टंट करते हुए बालोद से धमतरी की तरफ जा रहे थे. इसी दौरान सामने से आरहे 2 बाइकों के साथ उनकी भिड़ंत हो गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा. पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतकों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. जानकारी के मुताबिक, सभी बाइकर्स बालोद से धमतरी की ओर तेज रफ्तार में जा रहे थे, इसी दौरान एक दंपत्ति अपने डेढ़ साल के बच्चे के साथ सामने की तरफ से बाइक पर आ रहे थे, जिनसे तेज रफ्तार में जा रहे बाइकर्स जा टकराए. इसके बाद एक और बाइक से टकराए जिसमें 2 ग्रामीण सवार थे. इस हादसे में मासूम बच्चे की मौत हो गई और दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए. इसके अलवा दूसरी बाइक पर सवार दोनों ग्रामीणों की भी मौत हो गई. वहीं स्टंट कर रहे 3 बाइकर्स को भी गंभीर चोट आई है. यानी कुल 3 लोगों की मौत और 5 लोग घायल हो गए.

# मामा ने ढाई-साल की भांजी का काटा गला

**रायपुर,21 मार्च।** रायपुर में एक भाई ने अपनी बहन की दूसरी शादी करने से नाराज होकर ढाई साल की भांजी की गला काटकर हत्या कर दी है। वह इतने में नहीं रुका, उसने सोते हुए भांजे के भी गले पर ब्लेड चला दिया। इस बात की भनक जैसे ही घर में मौजूद बहन को लगी उसने दौड़कर रोकने की कोशिश की। लेकिन आरोपी ने उस पर भी हमला कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को बिहार से गिरफ्तार कर लिया है। ये पूरी घटना रायपुर से सटे गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र के दम्मानी कॉलोनी की है। नवापारा थाना प्रभारी जितेंद्र एसैया ने बताया कि घटना 10 मार्च की है। जितेश ताती पत्नी सोनी कुमारी और दो बच्चों के साथ दम्मानी कॉलोनी के किराए के मकान में रहता है। सोनी कुमारी ने पहले पति के मारपीट से तंग आकर 2 साल पहले जितेश से दूसरी शादी की थी। पहले पति से सोनी की एक ढाई साल की बेटी सुरुचि है, जबकि 1 साल का बेटा शिवम कुमार, दूसरे पति जितेश का है मां सोनी कुमारी के सामने यह दर्दनाक वारदात हुई है। बहन को भी ब्लेड से वार कर आरोपी ने घायल किया है।



10 मार्च को जितेश ट्रक ड्राइवरी के काम में गया था। इस दौरान सोनी कुमारी ने अपने पति जितेश ताती को फोन करके बताया कि बिहार से उसका भाई साहेब कुमार ताती आया है। उसे मायके ले जाना चाहता है। वह हमारी दूसरी शादी से नाराज है और झगड़ा भी कर रहा था। फिलहाल उसे और बच्चों को खाना खिलाकर वह बर्तन मांज रही थी। बच्चे सो रहे थे। तभी अचानक भीतर से जोरदार बच्चों के रोने की आवाज आई। वह दौड़कर भीतर गई। सोनी ने देखा कि भाई साहेब ताती के हाथों में ब्लेड था। उसने ढाई और 1 साल के बच्चे सुरुचि और शिवम के गले पर ब्लेड से वारकर बेरहमी से काट दिया था। बिस्तर के चारों तरफ खून बिखरा हुआ था। सोनी यह देखकर डर गई। उसने भाई को रोकने की कोशिश की तो वह उसे भी जान से मारने के लिए ब्लेड से हमला कर दिया। ब्लेड सोनी के पीठ में लगा, जिससे लंबा कट लग गया।

**अस्पताल में बच्ची की मौत, मां-बेटे गंभीर**-इस वारदात के बाद आरोपी साहेब मौके से फरार हो गया। शोरगुल की आवाज सुनकर पड़ोसी जब घर के भीतर पहुंचे। तो दोनों बच्चे और मां बुरी तरह घायल थे। जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। जबकि सालभर के शिवम और मां का इलाज जारी है। इस मामले की शिकायत सोनी के पति जितेश ताती ने थाने में की। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, इस घटना के बाद क्राइम ब्रांच और गोबरा नवापारा थाने की टीम जमुई जिला, बिहार के लिए रवाना हुई। आरोपी इतना शातिर था कि वह लगातार अपना लोकेशन बदल रहा था। हालांकि पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी साहेब कुमार ताती को पुलिस ने हत्या के मामले में न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## एक नजर



**कवर्धा, 21 मार्च।** जिला पंचायत सदस्य दीपा पप्पू धुर्वे ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा से सौजन्य मुलाकात कर गुलदस्ता भेंटकर डिप्टी सीएम का सम्मान किया ।

### 3 किलो गांजा सहित 2 गिरफ्तार



**भिलाई, 21 मार्च।** भिलाई सिकोलाभाठा में अपने घर पर गांजा बेच रही दो महिलाओं को मोहन नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपित महिलाओं से कुल करीब साढ़े तीन किलो गांजा जब्त किया गया है उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई कर उन्हें जेलं भेजा गया है मोहन नगर टीआई शिवा शिव चन्द्रा ने सिकोलाभाठा वार्ड-14 निवासी प्रियंका ठाकुर (24) और सोनिया चौहान (20) को गांजा बेचते हुए गिरफ्तार किया गया है। जहां से आरोपित महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है, वो मकान प्रियंका ठाकुर और उसके पति दीपक ठाकुर का है वहां पर दूसरी आरोपित सोनिया चौहान अपने पति मुकेश चौहान के साथ किराये पर रहती थी यहां पर दोनों महिलाएं गांजा बेचती थी ।

### जीएम से 2.95 करोड़ की ठगी

**भिलाई, 21 मार्च।** भिलाई जामुल थाना अंतर्गत ठगी का बड़ा मामला सामने आया है ठग ने खुद को कंपनी का मालिक बताते हुए वाट्सऐप नंबर से मैसेज किया इस पर जीएम ने खाते में आरटीजीएस के माध्यम से कुल 2.95 करोड रुपए ट्रांसफर कर दिया बाद में ठगी का एहसास होने पर जीएम ने जामुल थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करायी रिपोर्ट पर पुलिस मामले की जांच कर रही है जामुल पुलिस ने बताया कि कृष्ण गोपाल शर्मा अपर्णा कार्बो. लिमिटेड कंपनी में जीएम के पद पर पदस्थ हैं उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 10 मार्च को अनजान नंबर से वाट्सऐप नंबर से मैसेज आया कि मैंने नया नंबर लिया है। उसे सेव कर लो, मैं तुम्हारा डायरेक्टर बोल रहा है। एक कंपनी से कान्टेक्ट चल रहा है तो पैसे की आवश्यकता है। एक कं पनी से दो करोड़ 95 लाख रुपए का काटेक्ट है। उसने एकाउंट नबंर दिया तो प्रार्थी ने करीब 2 करोड़ 95 लाख रुपएआरटीजीएस कर दिया इसके बाद मालिक से बात होने पर पता चला कि उन्होंने ऐसा कोई मैसेज नहीं किया था। उसके बाद जीएम ने जामुल थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करायी जामुल पुलिस मामले में धारा 66 (घ), 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### छोटे ने बड़े भाई को पीटा,मौत



**भिलाई, 21 मार्च।** भिलाई खुर्सीपार थाना अंतर्गत होली के दिन शराब पीने की बात को लेकर बड़े भाई को छोटे भाई ने मारपीट की अंदरुनी चोट आने से उसे रायपुर मेकाहारा अस्पताल भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस मामले में हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है खुर्सीपार टीआई अंबर सिंह ने बताया कि घटना 14 मार्च होली के दिन की है इंदिरा चौक खुर्सीपार निवासी रितेश यादव (34 साल) से उसके छोटे भाई प्रतीक यादव ने शराब पीने की बात को लेकर मारपीट कर दी। बाद में रितेश को अंदरुनी चोट आने से परिजन आनन-फानन में रायपुर मेकाहारा अस्पताल में भर्ती करा दिया। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया इसके बाद 17 मार्च को थाने में पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस को जानकारी हुई। टीआई ने बताया कि मामले में परिजनों से पूछताछ करने पर घटना की जानकारी मिली इस मामले में आरोपी प्रतीक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है



### वेतन समझौते को लेकर एटक ने की इस्पात मंत्री से मुलाकात

**भिलाई, 21 मार्च ।** भिलाई स्टील मजदूर सभा (एटक) के महासचिव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भारत के इस्पात मंत्री एच डी कुमार स्वामी के साथ एटक प्रतिनिधि मंडल मिलकर एनएमडीसी का वेतन समझौता कार्यान्वियन और सेल के वेतन समझौता का 39 माह का एरियर भुगतान के संदर्भ में आधे घंटे तक विस्तृत वार्ता की और मंत्री ने समाधान का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में एटक के उपाध्यक्ष एवं सांसद कामरेड सुब्बारायण, एटक उपाध्यक्ष विद्यासागर गिरि, एटक सचिव वहीदा निजाम, एनएमडीसी के नेता राजेश संधू, बीवी दुर्गा राव एवं उदय कुमार शामिल थे।

# दिव्यांग सेवा शिविर में कृत्रिम हाथ-पैर व श्रवण यंत्र पाकर दिव्यांगों के चेहरे खिले

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,21 मार्च।** पीजी कॉलेज कवर्धा परिसर में बीजेएस द्वारा जैन समाज कवर्धा के सहयोग से दिव्यांग सेवा शिविर का शुभारंभ श्रीमती रितु बरडीया के मंगलाचरण से हुआ । दीप प्रज्वलन के उपरांत अतिथियों का स्वागत जैन समाज एवं बीजेएस के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा किया गया । स्वास्थ्य सेवा प्रोग्राम के प्रदेश समन्वयक डाज़ अतुल जैन ने बताया कि शिविर की परिकल्पना को साकार होते हुए तथा निशक्तजनों को प्राप्त खुशी को देखकर हमें लग रहा है कि हमारी मेहनत रंग लाई । सफलता का श्रेय दिव्यांग जन, जैन समाज कवर्धा , जिला प्रशासन , विभिन्न विभागों , सभी कार्यकर्ताओं एवं अतिथियों को है ।प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका सराहनीय है। संभाग अध्यक्ष अमित बरडीया ने बताया कि कृत्रिम हाथ पैर के अतिरिक्त श्रवण यंत्र , बैसाखी , कैलीपर्स , वाकर आदि भी उपलब्धता के आधार पर प्रदान किये जाएंगे । गद्य




एवं पद्य में उद्घोषक की भूमिका श्रीमती रश्मि बाफना ने अदा की । समाजसेवी अतुल देशलहरा ने बताया कि तीन दिन के शिविर में दिव्यांग एवं सहायक की आवास एवं भोजन की व्यवस्था इसी स्थल पर है किसी को किसी भी प्रकार की असुविधा के लिए संगठना से संपर्क किया जा सकता है। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के जी बी व्यास ने बताया कि पूरे भारत में हमारी 41 शाखाएं हैं । समिति द्वारा निर्मित उपकरण 48 राष्ट्रों में लगाए जा चुके हैं । नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी , जिला पंचायत कवर्धा अध्यक्ष ईश्वरी साहू , उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट , वीरेंद्र साहू , जनपद उपाध्यक्ष कवर्धा गणेश तिवारी आदि अतिथियों ने मानव सेवा के इस पुनीत कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा कर आयोजकों को धन्यवाद दिया । अतिथियों को स्मृति चिन्ह जैन श्री संघ अध्यक्ष नेमीचंद श्री श्रीमाल , समाजसेवी भंवरलाल लूनिया, इंजीनियर , एस ज़ एस ज़जैन , स्थानकवासी जैन संघ मंत्री गेंदमल मोदी के हस्ते प्रदान किया गया । एक लाभार्थी जिसे कृत्रिम पैर लगाया गया था कार्यक्रम में दौड़ कर बताया । एक निशक्त जिसे हाथ लगाया गया था बाइक चला तीन राउंड लगाये तथा खुशियों से फूला नहीं समा रहा था। एक पोलीयो ग्रस्त बहन कैलीपर्स पहन सुगमता से चल कर दिखा रही थी। मंचासीन अतिथियों ने कृत्रिम अंग निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन कर दिव्यांग भाई बहनों को उन्हें प्राप्त खुशी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम के औपचारिक आरंभ के पूर्व साध्वी वर्या पूज़ संघमित्रा जी मज़ साज़ ठाणा 2 पी जी कॉलेज पधार कर मानव सेवा के उल्लेखनीय कार्य की अनुमोदना की तथा लाभार्थियों से व्यसन मुक्त होने का आव्हान किया। समाज कल्याण विभाग अधिकारी अभिलाषा पांडा की उपस्थिति दिखी और दिव्यांगों का हाल चाल पूछते हुए भी देखी गई । प्रथम दिन 75 श्रवण यंत , 120 कृत्रिम हाथ पैर , 15 कैलीपर्स ओर कई ट्राइसिकल वेल चेयर दिव्यांगों को दिए गए ओर दिव्यांगों के चेहरे में खुशी दिखी ।



### सेल और आईआईएम लखनऊ के बीच शैक्षणिक सहयोग के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर

**भिलाई, 21 मार्च ।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के मानव संसाधन विकास संस्थान (एमटीआई) और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) लखनऊ के बीच शैक्षणिक सहयोग हेतु एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर 19 मार्च को हस्ताक्षर किए गए। यह कार्यक्रम सेल के कॉरपोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इस अवसर पर निदेशक के के सिंह की उपस्थिति रही। समझौता ज्ञापन पर कार्यवाहक कार्यकारी निदेशक (एचआर-एल एंड डी) संजय धर तथा अध्यक्ष, प्रबंधन विकास कार्यक्रम, प्रोफेसर सब्यसाची सिन्हा ने हस्ताक्षर किए। समारोह में सेल निगमित कार्यालय के कार्यपालक निदेशक बी एस पोपली, मुख्य महाप्रबंधक कॉरपोरेट कार्यालय/सेल मानस राठ और महाप्रबंधक, प्रबंधन विकास कार्यक्रम, सुश्री अंजू शर्मा भी उपस्थित रहीं।

## पुलिस अधीक्षक ने ली जनरल परेड की सलामी,शस्त्रागार का किया निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,21 मार्च।** बीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह ने जोरा ताल न्यू पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित जनरल परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने परेड में उपस्थित सभी अधिकारियों और जवानों के अनुशासन और तैयारियों की सराहना की। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह के द्वारा किया गया।परेड के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने बेस्ट टर्नआउट होने पर अधिकारियों और कर्मचारियों को तुरंत पुरस्कार प्रदान किया, वहीं जिनका टर्नआउट खराब था, उन्हें अंतिम चेतावनी भी दी गई। इसके पश्चात, धर्मेंद्र सिंह ने न्यू पुलिस लाइन स्थित शस्त्रागार में आवश्यक अस्त्र-शस्त्रों एवं महत्वपूर्ण वस्तुओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया । इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, उप.पुलिस अधीक्षक श्रीमती अंजू कुमारी, उप.पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोडला श्री अखिलेश कौशिक, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया भूपत सिंह धनेश्री, उप.पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार तथा कबीरधाम जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारी और अन्य अधिकारी/कर्मचारी भी अधिक संख्या में उपस्थित थे।पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर सभी को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेरित कर भविष्य में निरंतर सुधार के लिए कुछ महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए।

## तालाब पार,मैदान,सार्वजनिक स्थलों पर नशाखोरी करने वालों की अब खैर नहीं

**उतई,21 मार्च।** नगर के तालाब पार एवं सार्वजनिक स्थल पर खुलेआम शराब पीने वालों पर कार्यवाही करने के संबंध में नगर पंचायत उतई के सभी जन प्रतिनिधि एक होकर नगर की शांति सुरक्षा और स्वच्छता व्यवस्था पर लामबंद है । कल हुई बैठक में उन्होंने इस व्यवस्था को लेकर चर्चा की और इसके सफल क्रियान्वयन हेतु थाना प्रभारी उतई को आवेदन देने का बैठक में निर्णय लिया । बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख एवं पार्षद सोनू राजपूत, सुनीता चंद्राकर,खूबीराम साहू,रमशीला नेताम, विजयलक्ष्मी साहू,अनिता गढे,शिव ठाकुर,लता सोनवानी, भीमसेन सिन्हा,संगीत रजक,द्वारिका साहू उपस्थित हुए।बैठक के उपरांत नगर पंचायत प्रतिनिधियों ने ट्रेक सीजी न्यूज से चर्चा में कहा कि नगर के सार्वजनिक स्थलों, मैदानों ,तालाब के पार तथा मोहल्लों में बने सार्वजनिक मंचों का दुरुपयोग करने तथा यहां बैठकर नशाखोरी करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने का फैसला नगर पंचायत प्रतिनिधियों ने सर्व सम्मति से लिया है ताकि नगर की शांति व्यवस्था कायम रहे तथा इसके क्रियान्वयन हेतु थाना प्रभारी उतई को लिखित ज्ञापन सौंपा तथा नगर की शांति व्यवस्था में उनके योगदान को लेकर उनसे मुलाकात कर नगर प्रतिनिधियों ने लंबी चर्चा की ।



## गुरुकुल स्कूल के किड्स कैंप में बच्चों ने उत्साह से लिया भाग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,21 मार्च।** नगर की प्रतिष्ठित संस्था गुरूकुल पब्लिक स्कूल में 18 मार्च से 20 मार्च 2025 तक त्रिदिवसीय किड्स कैंप का आयोजन किया गया था। आज 20 मार्च 2025 को किड्स कैम्प के अंतिम दिवस धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस शुभअवसर पर संस्था के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारीगण शाला के प्रभारी प्राचार्य, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं अधिकांश संख्या में नन्हे.मुन्ने बच्चे व पालकगण उपस्थित थे। इस किड्स कैम्प में बच्चों के उम्र के हिसाब से तीन समूह मिकी 3 से 4 वर्ष डोनाल्ड 4 से 5 वर्ष गुफी 5 से 6 वर्ष ग्रुप में विभाजित किया गया था। नन्हें मुन्ने बच्चों को गेम्सए बाल एक्टीविटीए स्नेक और लेडरए डॉसए स्मार्ट क्लासए आर्ट एक्टविटीए स्वीमिंग आदि विविध कियाकलापों का आयोजन



सफ्लता पूर्वक सम्पन्न किया गया। इन नन्हें मुन्ने बच्चों का क्रियाकलाप प्रशंसनीय व सराहनीय रहा। सभी उपस्थित पालकों ने सृजनात्मक पहल की भूरि.भूरि प्रशंसा की। इस किड्स कैंप में मिकी ग्रुप से बेस्ट एक्टिव चाइल्ड केशव दासए अश्विनए डोनाल्ड से आरुष चंद्रवंशी, अधिश्री ठाकुर, गुफी से सिद्धार्थ चंद्रवंशी, हर्षिता मिश्राए मिकी ग्रुप से बेस्ट किएटीव चाइल्ड सुनियोजीत तिवारीए अनविका नाहटा डोनाल्ड से सात्विक जायसवालए सिदरा फातिमाए गुफी से अक्षत प्रशांत फाणनवीश मुग्धा चंद्रवंशी मिकी ग्रुप से बेस्ट नीट एण्ड टीडी ड्रेस मितांश चंद्रवंशी, वंशिका डोनाल्ड से मृदूल सोनवानी, अंशिका केसरवानीए गुफी से शौर्य ठाकुरए मानवी सोनवानीए मिकी ग्रुप से ऑल राउण्डर हृदयांश बुसारी, आराध्या शर्मा,डोनाल्ड से अथर्व राजपूतए युक्ति साहू, गुफी से मेहरांश बग्गा, काशवीन कौर सलूजा, मिकी ग्रुप से बेस्ट डांस परफार्मेन्स हिरयांश कोचर, सेजल पाली, डोनाल्ड से आदित्य साहूए अनाया फातिमाए गुफी से आदविक गुप्ता, कनक निषाद रहे। इन विजयी नन्हे मुन्ने बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिक्षकों द्वारा सराहनीय प्रहल व नन्हें मुन्ने बच्चों के क्रिया कलापों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्था के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारीगण शाला के प्रभारी प्राचार्य ने विद्यालयीन परिवार को किड्स कैंप की सफ्लता पूर्वक आयोजन की हार्दिक बधाइयों व शुभकामनाएँ दी।



### प्रवीण निगम ने बीएसपी में संभाला कार्यपालक निदेशक का कार्यभार

**भिलाई, 21 मार्च ।** भिलाई इस्पात संयंत्र (सेल-बीएसपी) में प्रवीण निगम ने बृहस्पतिवार को कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) के पद का कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व निगम सेल के कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) के पद पर पदस्थ थे।

## सहकार भारती ने किया महिलाओं का सम्मान



**भिलाई, 21 मार्च ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेक्टर-4 में सहकार भारती महिला प्रकोष्ठ, महिला सहकारिता प्रकोष्ठ और स्व सहायता प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं का स्मृति चिन्ह और पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सिविल जज लोक अदालत नेहा गुप्ता, अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता समारोह वर्ष समारोह आयोजन समिति के प्रदेश प्रमुख डॉ लक्ष्मी कांत द्विवेदी, प्रगति महिला नागरिक बैंक अध्यक्ष अश्विनी नागले, राकेश शुक्ला, स्व सहायता प्रकोष्ठ अध्यक्ष जया रेड्डी, चंद्र किरण मिश्र कांति वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थीं। कार्यक्रम की शुरुआत माता अहिल्या बाई होलकर ,भारत माता के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित करके किया गया। सहकार गीत की प्रस्तुति ममता राव ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल जज नेहा गुप्ता ने कहा कि आज नारी शक्ति हर क्षेत्र में कार्य करके देश का नाम रोशन कर रही है। नारी शक्ति हर मुश्किल से मुश्किल कार्य करने सक्षम है। डॉ लक्ष्मी कांत द्विवेदी ने कहा कि नारी सर्वत्र पूज्यंते के भाव को लेकर समाज आज कार्य कर रहा है और नारी शक्ति के चलते आज हमारा देश नित नए पायदान लगातार बढ़ रहा है। कार्यक्रम को अश्विनी नागले ने भी संबोधित किया। स्वागत भाषण कांति वर्मा ने दिया। कार्यक्रम में शीला सिंग, बबीता केला अर्चना वर्मा, विंदु सोनी, नीता गढ़ेवाल, तरुणा देशमुख, नीलम साहू,भवानी, निधि चंद्राकर, जुली गुप्ता किरण रात्री, रुचि जैन, जी चंद्रकला, वंजक्षी, रीता देवी, किरण साहू, रुक्मिणी साहू, जी राजेश्वरी, मीनाक्षी, रोहिणी, जे ऊषा , जया प्रदा, रतना चंद्राकर, ईशा, अंजनी , कल्पना स्वामी, हर्षा, पी लक्ष्मी, पद्मा, सुषमा पाल, सुषमा वर्मा, पी रमा, गायत्री, पद्मा, ज्योति सोनी, प्रतिभा शर्मा, पूनम उपाध्याय, सरबजीत सहाय, आरती शर्मा, आरती पांडे, पूजा भास्करन, शीबा हार्वे, पूजा महेश, जी सुकन्या, उतरा रामटेके, अल ज्योति, सहित महिलाओं का सम्मान किया गया ।

## स्कूल में बैडमिंटन कोर्ट एवं भवन निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने ली बच्चों की क्लास

**भिलाई, 21 मार्च ।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत संचालित शासकीय कन्या विद्यालय सुपेला में नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट एवं सामुदायिक भवन को आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन-2 जोन आयुक्त येशा लहरे एवं अधिकारियों को लेकर निरीक्षण करने पहुंचे। स्कूल परिसर में समग्र शिक्षा अभियान के तहत भवन निर्माण 8 लाख की लागत एवं महापौर निधि से बच्चों के खेलने के लिए मल्टीपरपज नवीन बैडमिंटन कोर्ट बनाया गया है। जिसका उपयोग स्कूल के बच्चों द्वारा किया जायेगा। स्कूल के शिक्षक के साथ चर्चा करते हुए आयुक्त ने जोन आयुक्त को कार्यो को शीघ्र ही पूर्ण कराने निर्देशित किए। उसी दरम्यान आयुक्त ने देखा क्लास रूम में



परीक्षा होने के कारण तीसरी, चैंथी कक्षा के बच्चों की पढ़ाई स्कूल में बने मंच पर बैठाकर कराई जा रही थी। कौतुहलवस सब लोग बच्चो के बीच पहुचं गये और बच्चो से पढ़ाई के बारे में चर्चा करने लगे, क्या पढ़ रहे हो, समझ में आ रहा है कि नहीं। होमवर्क कौन-कौन करके आता है, घर में जाकर कौन-कौन पढ़ाई करता है आदि के बारे में बच्चों से चर्चा किये और उनसे सवाल-जवाब भी किये। बच्चो से जब सवाल किया गया, वृत किसे कहते है, कौन बनाकर बतायेगा। कोई हाथ नहीं खड़ा कर रहा था, जबकि देखा गया कुछ बच्चे अपने कापी में बना लिए थे। आयुक्त ने शिक्षिका से कहा कि बच्चो में आत्म विश्वास की कमी है, उन्हे प्रोत्साहित किया करें। जानते हुए भी बच्चे जवाब देने में डर रहे है। बच्चों को बेझिझक होकर अपनी बातों को कहना चाहिए, जिससे उनका मनोबल बढ़ता है। इसके बाद सब लोग वार्ड में हो रहे निर्माण, सफाई, शौचालय आदि का निरीक्षण किये। स्थानीय नागरिकों से कार्यों के बारे में फीडबैक लिए। अनावश्यक रूप से कुछ जगहों पर स्ट्रीट लाइट जल रहा था, उसे बंद कराने के लिए सभी जोन आयुक्त को निर्देशित किये। किसी भी प्रकार से कोई भी लाईट दिन के समय जलते नहीं दिखना चाहिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, जोन स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह आदि उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने दी आंदोलन की चेतावनी



**पाटन,21 मार्च।** हाल ही में बिहार के रोहतास जिले की रेड लाइट एरिया से छत्तीसगढ़ की=41 नाबालिग लड़कियों को बरामद किया गया है। इस मुद्दे को लेकर छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से जुड़े लोगों ने शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और कारवाई न होने की स्थिति में बड़े आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस संबंध में महामहिम राष्ट्रपति के नाम और राज्यपाल के नाम ज्ञापन देते हुए जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रभान साहू और छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के जिला उपाध्यक्ष दानी साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नाबालिग बालिकाओं को बंधक बनाकर बिहार में देह व्यापार कराने वालों को पकड़ कर फांसी दी जाए। यह बहुत दुख की बात कि हमारे छत्तीसगढ़ की लाचार बेटियों के साथ इस तरह से कुकृत्य हो रहें हैं। छत्तीसगढ़ के कई नाबालिग मासूम लड़कियों को रोजगार दिलाने के बहाने हजारों किलोमीटर दूर बिहार के रोहतास जिला ले जाकर वहां मारपीट करके बंधक बनाकर उनके साथ हिसंक घटना के साथ वेश्यावृत्ति करने को मजबूर किया जाता है। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने राष्ट्रपति और राज्यपाल से अर्जी की है कि छत्तीसगढ़ के नाकाम सरकार को तुरंत बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाए और अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करके कठोर से कठोर सजा दी जाए। मामले को लेकर अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रभान साहू,जेसीपी महिला जिला अध्यक्ष कमला वर्मा, छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना जिला उपाध्यक्ष दानी साहू, जितेन्द्र साहू, सुभाष साहू, हरिशंकर साहू, जेसीपी खंड़ अध्यक्ष गुरुर बिरेंद्र ठाकुर, खेमलाल साहू,दानेश्वरी साहू,छाया जनपद गंगा निषाद,नमन कोसमा,खोमन साहू,चम्मन साहू, हरीश साहू आदि मौजूद रहे।

### सिंटर संयंत्र-3 में सुरक्षा जागरूकता पखवाड़ा का शुभारंभ

**भिलाई, 21 मार्च ।** शून्य दुर्घटना के लक्ष्य की ओर अग्रसर सिंटर संयंत्र-3 के सिंटर भवन में 19 मार्च को सुरक्षा जागरूकता पखवाड़ा का उद्घाटन मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रेरणा विकास केंद्र में मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्ता, द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर औपचारिक स्वागत किया गया।

## इस्पात मंत्रालय के सचिव ने बीएसपी का किया दौरा



**भिलाई, 21 मार्च ।** इस्पात मंत्रालय के सचिव आईएएस संदीप पौंड्रिक ने बृहस्पतिवार को सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का एक दिवसीय दौरा किया। उनके साथ इस्पात मंत्रालय के संयुक्त सचिव अभिजीत नरेंद्र एवं सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश भी उपस्थित रहे। संयंत्र पहुंचने पर निदेशक प्रभारी (सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र) अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार तथा संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अतिथियों का सुरक्षा उत्कृष्ट केंद्र में स्वागत किया गया। साथ ही इस्पात सचिव को सुरक्षा उत्कृष्टता केंद्र में सीआईएसएफ जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। जिसके पश्चात अतिथियों को संयंत्र भ्रमण के लिए आवश्यक सुरक्षा निर्देशों से अवगत कराया गया। इस दौरान आईएएस संदीप पौंड्रिक, अभिजीत नरेंद्र तथा अमरेंदु प्रकाश ने मॉडेक्स इकाइयों जैसे ब्लास्ट फर्नेस-8, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 तथा यूनिवर्सल रेल मिल में संचालित गतिविधियों का गहन अवलोकन किया। इस दौरान निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में अतिथियों ने बीएफ-8 में हॉट मेटल उत्पादन, एसएमएस-3 में कार्य को प्रत्यक्ष रूप से देखा।

एक नजर

## बारहवीं पास युवाओं को मिलेगी कम्प्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की ट्रेनिंग

**धमतरी 21 मार्च।** जिले के बारहवीं पास युवाओं को कम्प्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की ट्रेनिंग मिलेगी। इस 300 घंटे की अवधि वाले ट्रेनिंग के लिए लाईवलीहुड कॉलेज में 22 मार्च तक आवेदन लिए जाएंगे। संस्था के परियोजना अधिकारी ने बताया कि जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों से ट्रेनिंग के लिए आने वाले युवाओं को निःशुल्क ठहरने की व्यवस्था भी मिलेगी। प्रशिक्षण के बाद ख्यात प्राप्त प्रतिष्ठित संस्थानों में नियोजन भी कराया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत आयोजित इस प्रशिक्षण के लिए आवेदक शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साईज फोटो के साथ सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में सुबह 10 से शाम 5.30 बजे तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

## डॉ गोकुल प्रसाद को मिला यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड

**डोंगरगढ़, 21 मार्च।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में सहायक




प्राध्यापक प्राणीशास्त्र पद के विरुद्ध कार्यरत अतिथि व्याख्याता डॉ गोकुल प्रसाद साहू को शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के तत्वावधान मे ÷सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड क्लाइमेट चेंज÷ विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार में यंग साइंटिस्ट का अवॉर्ड से नवाजा गया। यह अवॉर्ड डॉ गोकुल प्रसाद साहू को विभिन्न गुफाओं में गुफा की पारिस्थितकी, वहां उपस्थित जीवों तथा गुफ़ाओ के वातावरण पर अपने शोध कार्य के लिए और साथ ही उनके अकादमिक कार्य को ध्यान में रखते हुए दिया गया, जिसमें दस वर्ष शिक्षकीय कार्य के साथ पांच रिसर्च पेपर को शामिल किया गया है, जिसमें लगभग 400 आवेदनों में डॉ साहू को यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड से नवाजा गया।

## मखियार वाल्मीकि समाज ने मनाया होली मिलन एवं रंग उत्सव

**डोंगरगढ़, 21 मार्च।** मखियार वाल्मीकि समाज डोंगरगढ़ के द्वारा रंगउत्सव एवं होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समाज के सभी सदस्यों ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रंगों के इस उत्सव को उमंग व आनंद के साथ संपन्न किया। इस कार्यक्रम के दौरान श्री संदीप बघेल, जो पार्षद (भाजपा) एवं मखिहार समाज राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष हैं, का सम्मान किया गया। साथ ही, समाज की महिला शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए श्रीमती जीना शेखर सांडेकर अछोली *. से पंच पद पर नियुक्त किया गया, जिसका समाजजनों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

### नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक युद्ध

# बस्तर भयमुक्त होगा, 2026 तक नक्सलवाद का संपूर्ण खात्मा सुनिश्चितः मुख्यमंत्री साय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 21 मार्च।** छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के समूल उन्मूलन की दिशा में निर्णायक अभियान तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। आज सुरक्षाबलों ने बीजापुर-गंगालूर और कांकेर-नारायणपुर में बड़ी कार्रवाई करते हुए 30 नक्सलियों को मार गिराया। इनमें 26 नक्सली बीजापुर-गंगालूर में और 4 नक्सली कांकेर-नारायणपुर में ढेर हुए।

मुख्यमंत्री साय ने इस सफलता को नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि सुरक्षाबलों की वीरता और अदम्य साहस को नमन है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई मजबूती से जारी है। यह संघर्ष तब तक नहीं रुकेगा, जब तक प्रदेश पूरी तरह से



नक्सलमुक्त नहीं हो जाता। मुख्यमंत्री साय ने इस ऑपरेशन के दौरान डीआरजी के एक जवान की शहादत को नमन करते हुए कहा कि हमारे वीर जवानों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जाएगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनका यह त्याग व्यर्थ नहीं जाएगा।

**2026 तक नक्सलवाद का संपूर्ण उन्मूलन - संकल्प की ओर तेज़ी से अग्रसर**-मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के संपूर्ण खात्मे के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि सुरक्षाबलों की यह सफलता इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री श्री अमित शाह का संकल्प पूरा होगा। प्रदेश का हर नागरिक भयमुक्त जीवन जिएगा। नक्सलवाद की अंतिम घड़ी आ चुकी है।

**छत्तीसगढ़ में निर्णायक कार्रवाई का दौर जारी**-प्रदेश में सुरक्षाबलों की लगातार सफल कार्रवाइयों से यह स्पष्ट हो चुका है कि नक्सलवाद का अंत अब निकट है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हम केवल नक्सली गतिविधियों को रोकने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि स्थायी शांति और विकास को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। छत्तीसगढ़ के हर नागरिक को सुरक्षित, भयमुक्त और समृद्ध जीवन देना हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सरकार और सुरक्षाबल मिलकर निर्णायक युद्ध लड़ रहे हैं। यह केवल एक सुरक्षा अभियान नहीं, बल्कि एक नई, शांतिपूर्ण और विकसित छत्तीसगढ़ की आधारशिला रखने की मुहिम है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह निर्णायक युद्ध तब तक जारी रहेगा, जब तक छत्तीसगढ़ पूरी तरह से नक्सलमुक्त नहीं हो जाता। सुरक्षाबलों की यह वीरता प्रदेश को नक्सलवाद के अंधकार से निकालकर स्थायी शांति और विकास के पथ पर ले जाने में मील का पत्थर साबित होगी।

# सोसायटी में उपार्जित धान हो रहा खराब आखिर जिम्मेदार कब देंगे ध्यानःछन्नी साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 21 मार्च।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक श्रीमति छन्नी चन्दू साहू जी ने छत्तीसगढ़ की कुम्भकर्णीय नींद में सोई भाजपा सरकार के कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि,प्रदेश में समर्थन मूल्य में उपार्जित धान ,खरीदी केन्द्रों से धान का परिवहन धीमी गति से होने से फड प्रभारियो के लिए चिंता का विषय बन गया है। फड में ज्यादा समय तक धान डंप रहने से एक ओर जहां कड़कड़ाती धूप के कारण धान सुख रहे है ।वही समर्थन मूल्य में धान खरीदी बंद हुए करीब दो माह बीत गए है, लेकिन अभी तक उपर्जान केन्द्रों में रखा हुआ धान का उठाव नहीं हो सका है। अभी तक विधानसभा क्षेत्र के कइयों सोसायटी में अभी



भी लाखो क्वींटल धान का उठाव नहीं हो पाया है। केन्द्रों में पड़ा हुआ धान में सुखत की समस्या के साथ ही साथ चूहों के कुतरने से समिति को बड़ा नुकसान होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।ऐसी भी सोसायटी केंद्रों में बहुतायत मात्रा में फटा पुराना बारदाना सोसायटी केंद्रों में दिया गया था यह एक भ्रष्टाचार की ओर इंगित करता है।उन्होंने आगे कहा कि सोसायटी समितियों का कहना है कि वर्तमान में तेज धूप निकल रहे है, ऐसे में सुखत की समस्या बढ़ गई है। धान का रखरखाव के लिए समिति प्रबंधक परेशान व चितिंत नजर आ रहे है। उनका कहना है बढ़े हुए तापमान में प्रति बोरा 2 से 3 किलों धान की शार्टेज आने लगेगी, जिससे समिति को लाखो रूपये का नुकसान उठाना पड़ेगा साथ ही सोसायटी के शेयर धारकों को भी लाभांश का नुकसान सहना पड़ेगा।उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के अधिकांश केन्द्रों में हजारों क्वींटल धान जाम पड़ा हुआ है। जिससे समिति प्रबंधक परेशान व चिंतित हो रहे है। राज्य की भाजपा सरकार इस ओर अपनी ध्यान आकर्षित करे।

## स्वदेशी मॉल थीम पर जिले में होगी साथी बाजार की स्थापना

**राजनांदगांव 21 मार्च।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में महिला स्वसहायता समूह के विभिन्न उत्पादों एवं कृषक उत्पादक संगठन के विभिन्न फसलों के उत्पादन एवं विपणन हेतु साथी परियोजना के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की साथी परियोजना अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देना, कृषकों की आय को दोगुना करना तथा मेक इन इंडिया, लखपति दीदी परियोजना को बढ़ावा देना है। साथी परियोजना के तहत पूरे देश के सभी राज्यों के प्रत्येक जिले में साथी बाजार स्थापित किया जाना है। किसानों की आय दोगुनी करने, महिला स्वसहायता समूह को मजबूत करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण योजना है।

# कलेक्टर एवं आयुक्त ने किया जलकर व समेकित कर का भुगतान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 मार्च।** वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति को ध्यान में रखते हुए जिलाधीश श्री संजय अग्रवाल एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने अपने शासकीय आवास के जलकर एवं समेकित कर का भुगतान किए। वित्तीय वर्ष की समाप्ति के माह अंत मार्च में कर दाताओं की सुविधा के लिए निगम सीमांतर्गत सम्पत्तिकर,समेकितकर,जलकर एवं दुकान किराया की वसूली को दृष्टिगत रखते हुये निगम कार्यालय अवकाश के दिनों एवं



शनिवार व रविवार को भी निगम कार्यालय के राजस्व विभाग में चालू रहेगा। जिलाधीश अग्रवाल एवं आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कर दाताओं से अपील करते हुए कहा है कि, मैने अपने शासकीय आवास के जलकर एवं समेकितकर का भुगतान किया है, आप भी अपने बकाया कर सम्पत्तिकर, जलकर, समेकितकर के अलावा दुकान किराया का भुगतान कर नगर विकास में सहभागी बने। आपके राजस्व करो के भुगतान की राशि से निगम कर्मचारियों का वेतन भुगतान किया जाता है। उन्होंने शासकीय विभागों से भी अपने अपने विभाग के जलकर एवं समेकितकर का भुगतान कर वित्तीय भार कम करने की अपेक्षा किये। निगम आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति में वसूली हेतु वार्ड प्रभारियों को सम्पत्तिकर,समेकितकर, जलकर एवं दुकान किराया सत्प्रतिशत वसूली की जवाबदारी दी गयी है। उन्होंने करदाताओं से कहा कि, अपने बकाया कर एवं किराये की राशि का भुगतान समय पर कर अधिभार से बचें।

समाचार संक्षेप

## कलेक्टर ने किया मेडिकल कॉलेज के वार्षिक उत्सव का शुभारंभ



**राजनांदगांव 21 मार्च।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के 19 से 26 मार्च 2025 तक आयोजित वार्षिक उत्सव आईआरआईएस 2025 का शुभारंभ किया। एक सप्ताह तक आयोजित वार्षिक उत्सव में खेल के साथ, साहित्य, कलाकृति और संस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मुख्य अथित्य मे खेल इवेंट का शुरूआत की गई। कलेक्टर ने सभी खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डीन डॉ. लुका, मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डॉ. देशकर, डॉ. जेठानी, खेल इवेंट के इंचार्ज डॉ. आराधना टोप्पो, डॉ. अनिल चन्द्रा सहित अन्य डॉक्टर्स एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## पीएम आवास योजना-ग्रामीण का लाभ लेने से कोई भी पात्र हितग्राही न हो वंचितः कलेक्टर

**राजनांदगांव 21 मार्च।** ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्राम विकास विभाग भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन में वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक वृद्धि की गई है। योजनांतर्गत छूटे हुये पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान करने के लिए वर्ष 2018 में तैयार किए गए आवास प्लस सूची को नये मापदण्ड अनुसार संशोधित किया गया है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने सभी छूटे हुए पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ लेने के लिए सर्वेक्षण में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ लेने से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित नहीं होना चाहिए। इस महती योजना का लाभ लेने के लिए ग्राम पंचायतों के सचिव, आवास मित्र एवं रोजगार सहायक से संपर्क जरूर करें। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों के ग्राम पंचायतों में सर्वेक्षण के लिए ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र को प्रगणक बनाया गया है, सर्वे करने वाले प्रगणक का पंजीयन आवास साफ्ट पोर्टल पर अनिवार्य किया गया है।

प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin

■ कलेक्टर ने छूटे हुए पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ लेने के लिए सर्वेक्षण में शामिल होने की अपील की

## नाराज सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल चौथे दिन भी जारी



**छुरिया, 21 मार्च।** सचिवो की एकसूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर पंचायत सचिव 17 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं द्य छत्तीसगढ़ सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए छुरिया ब्लॉक के पंचायत सचिवो के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से पंचायतो के मूलभूत सेवाएं पूरी तरह से चरमरा गई है। सचिवों ने अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर आज दिनांक 20 मार्च को जनपद कार्यालय परिसर में धरना पर बैठे रहे और सरकार को अपना वादा याद दिलाने के लिए नारेबाजी करते रहे।हड़ताल के चलते वर्तमान सरपंचों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही अब प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी योजना, नल जल योजना, टैक्स, जाति प्रमाण पत्र,जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे कई सरकारी काम भी प्रभावित हो रहे है। आज के इस हड़ताल में हड़ताली सचिवो का उत्साहवर्धन करने के लिए राजनांदगांव सचिव संघ जिला अध्यक्ष श्री दीपक वैष्णव,एवं जिला पदाधिकारी मोरध्वज पटेल,रविन्द्र साहू,कमलेश साहू उपस्थित होकर शासकीयकरण के संबंध में अपनी बात रखते हुए मांग पूरी होने तक हड़ताल में डटे रहने की बात कही। संघ के जिला अध्यक्ष श्री दीपक वैष्णव एवं जिला सचिव मोहन साहू ने बताया कि चुनाव के समय मोदी सरकार ने पंचायत सचिवों को 100 दिन के भीतर शासकीयकरण का वादा किया था, लेकिन अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया।

इस दौरान ब्लॉक सचिव संघ छुरिया के कर्मठ सचिव साथी हिंसाराम साहू, नलेंद्र साहू, बिहारी लाल साहू, देवलाल वर्मा, शिशुपाल पटेल, मनोहर यादव, शिवकुमार लाउत्रे, निर्भय यादव, ललित जांगड़े, अंजोरीराम चंद्रवंशी, अर्जुन धुर्वे, ईश्वरी साहू, हरिराम निषाद,सोहन पटेल,हरिराम सिन्हा, छगन पोर्ते, बिश्राम साहू,मनोज मंडावी, सहित ब्लॉक के समस्त पदाधिकारी व सचिव उपस्थित थे।

# म्यूल बैंक खाताधारक बनकर की ठगी 4 लोग साइबर व पुलिस के हत्थे चढ़े

■ सायबर अपराधों में प्रयुक्त म्यूल बैंक खाता धारकों के विरुद्ध राजनांदगांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 21 मार्च।** मिशन सायबर सुरक्षा के तहत थाना डोंगरगढ़ और सायबर सेल राजनांदगांव की संयुक्त्त कार्यवाही। अवैध स्त्रोतो से प्राप्त रकम को अर्जित करने के लिए अपना व किसी अन्य का बैंक खाता एटीएम कार्ड, रजिस्टर्ड सिम, चेकबुक को दूसरे को बेचना, किराये व कमीशन पर देना दण्डनीय अपराध है। अवैध गतिविधियों से रकम को बैंक खाता धारक व संलिप्त के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है। वही वर्तमान में बढ़ रहे सायबर अपराधो से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु केन्द्र सरकार के गृहमंत्रालय विभाग द्वारा सायबर अपराधियों से संबंधित डाटा, सायबर ठगी में प्रयुक्त बैंक खातो की जानकारी को भारतीय सायबर अपराध समन्वय पोर्टल के माध्यम से विभिन्न राज्यों की पुलिस के साथ साझा किया जा रहा है। उसी क्रम में बढते हुये सायबर अपराधो की रोकथाम हेतु जन जागरूकता एवं सायबर अपराधियों एंव सायबर ठग गिरोह के म्यूल बैंक खाता की जांच कर सायबर सुरक्षा अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के तहत समन्वय पोर्टल के माध्यम से थाना डोंगरगढ़ स्थित 4 बैंक खातो जिनका उपयोग विभिन्न सायबर अपराधो मे प्रयोग किया गया है को चिन्हाकिंत कर उक्त खाता धारकों के विरूद्ध थाना डोंगरगढ मे अपराध क्रमांक 113/25, धारा 317 (2) 317(4) 317(5), 111, 3 (5) बीएनएस तथा अपराध कमांक 117/25, धारा 411, 413, 414 भादवि पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

# लू से बचने स्वास्थ्य विभाग ने दी सलाह

■ जब वातावरण का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो तो हीट वेव की स्थिति होती है उत्पन्न
■ बहुत अनिवार्य नहीं हो तो घर से बाहर न जाएं
■ धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें
■ पानी अधिक मात्रा में पीयें, मौसमी फल का करें सेवन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 मार्च।** गर्मी के मौसम को देखते हुए लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा मार्गदर्शी सलाह दी गई है। हीट वेव जिसे सामान्य भाषा में लू चलना कहा जाता है, जब वातावरण का



तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या 104 डिग्री फारेनहाइट से ज्यादा हो तो हीट वेव की स्थिति उत्पन्न होती है। जिसे सामान्य भाषा में लू चलना कहा जाता है। इसका असर बच्चों, बुजर्गों एवं कोमार्बिड लोगों में सर्वाधिक होता है। हमारे शरीर के टेम्परेचर रेग्यूलेशन (तापमान नियंत्रण) मस्तिष्क के हाईपोथलेमस भाग से होता है। जब वातावरण 40 डिग्री सेल्सियस या 104 डिग्री फेरनहाइट से अधिक हो जाता है, तब टेम्परेचर रेग्यूलेशन तंत्र प्रभावित होता है। परिणामस्वरूप तब हीट स्ट्रोक की स्थिति उत्पन्न होती है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि लू लगने पर शरीर में लक्षण दिखाई देने लगते हैं, जिसमें सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना शामिल है। लू से बचाव के लिए आवश्यक उपाय किए जा सकते है। बहुत अनिवार्य नहीं हो तो घर से बाहर न जाएं, धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें, पानी अधिक मात्रा में पीयें, मौसमी फल जैसे तरबूज, ककड़ी,छाछ, लस्सी समय-समय पर लेते रहें। गर्मी के दौरान नरम, मुलायम सूती के कपड़े पहनने चाहिए, जिससे हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति

## द्विवेदी के घर पहुंचा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, बरसों बाद मिला उपभोक्ताओं को न्याय



**डोंगरगढ़, 21 मार्च।** किसानों की सुविधा को देखते हुए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा डोंगरगढ़ का लंबे समय के बाद जयस्तम्भ चौक से स्थांतरित कर सिविल लाइन स्थित द्विवेदी का काम्पलेक्स भवन में लंबे समय से मांग होने के बाद इस मांग को पूरा कराने में योगेंद्र शर्मा के प्रयास से भाजपा को यह सफलता मिली. ज्ञात हो कि पिछले लंबे समय से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का संचालन जयस्तम्भ चौक स्थित गट्टानी परिवार के भवन में बैंक संचालन कार्य संपादित किया जा रहा था और आए दिन पार्किंग से लेकर कई प्रकार असुविधाओ के सम्बन्ध में ऊपर तक शिकायते की जा रही थी जिसको लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से लेकर भाजपा के पदेन सभी पदाधिकारियों से निवेदन करने के बाद पहली बार यह सुविधा मिली है कि बैक उपभोक्ता अपनी सुविधानुसार बैंक पहुँच कर अपने हितग्राहियों को अपनी इच्छानुसार कार्य संपादित करने में सफलता दिलाकर अपने आप को सौभाग्यशाली समझेंगे. आखिरकार यह सफलता योगेंद्र शर्मा के प्रयासो से प्राप्त हुई है जिसके लिए द्विवेदी परिवार से लेकर रामजी भारती के परिवारों ने छत्तीसगढ़ परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते दिखाई दिए.

■ खाताधारकों ने किया शाखा प्रबन्धक का अभिनंदन

### वार्डों में बिगड़े हैंड पंप

# नगर पंचायत के वार्डों में गहराया पेयजल संकट

■ एक समय ही दिया जा रहा है पानी
■ तीन लाख लीटर टंकी में भी नहीं भर पा रहा पानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 21 मार्च।** नगर पंचायत छुरिया को अस्तित्व में आये 15 वर्ष होने के बाद जिस तेजी के साथ नगर का विकास होना था उसके मुताबिक नहीं हो पाया है । वार्डों में जहां समस्याओं का अंबार है वहीं प्रस्तावित कार्य आज पर्यन्त पूर्ण नहीं हो पाया है।

विपरीत राजनीतिक स्थितियों के चलते यहां पर कांग्रेस के तीन बार अध्यक्ष चुने के बाद भी छुरिया का अपेक्षित विकास नहीं हो पाया। वहीं पानी के लिए नगरवासी तरस रहे हैं । तीन लाख लीटर टंकी में भी पानी नहीं भर पा रहा है जिसके कारण एक ही समय पर वार्डों में पेयजल की आपूर्ति हो रही है।

मिली जानकारी अनुसार नगर पंचायत के 15 वार्डों में 52 सार्वजनिक नल एवं 460 निजी कनेक्शन है, जहां सुबह समय पर ही पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। कई वार्डों में पीने के पानी के लिए नगरवासियों को जूझते देखा जा रहा है।

कई बार स्थिति यह निर्मित हो जाती है कि पानी को लेकर वाद-विवाद तक हो जाता है। वार्ड क्र. 1, 2, 4, 5, 6,7,9 और 13 में पानी की भारी किल्लत है। समस्या जानकर भी अधिकारी मूकदर्शक बन तमाशा देख रहे हैं।



**15 वार्डों के भरोसे एक टैंकर**-नगर पंचायत के कई वार्डों में कई बार ऐसा मौका आता है कि सुबह के समय नल नहीं आने से वार्डवासी पानी टैंकर का इंतजार करते रहते हैं लेकिन 15 वार्डों में एक टैंकर के भरोसे की सप्लाई किए जाने के कारण वार्डवासियों को घण्टों इंतजार करना पड़ता है। मजबूरन वार्डवासी लम्बी दूरी तय कर हेण्डपम्पों के सहारे पीने की पानी व्यवस्था स्वयं कर रहे हैं.

**तालाब भी सूखने के कगार पर**-नगर पंचायत में निस्तारी के लिए वार्ड क्र. 9, 5 एवं 13 में तीन तालाब है। जो मार्च माह के अंतिम दिनों में भीषण गर्मी में सूखने की कगार पर है। नियमित साफ-सफाई नहीं होने से तालाब का पानी मटमैला हो चुका है जिससे निस्तारी की समस्या बनी हुई है।

**पांच हेण्ड पम्प बिगड़े, सार्वजनिक नल का हाल बेहाल**-नगर पंचायत के शहीद भगतसिंह वार्ड क्र. 13 में पेयजल के लिए वार्डवासियों में हाहाकार मचा हुआ है। वार्ड की कुल आबादी लगभग 250 के आसपास है। जहां अलग-अलग स्थानों में पांच हेण्डपम्प स्थित है जो बिगड़े पड़े हुए है । वहीं दो से तीन जगहों में सार्वजनिक नलों की टोटियां बिगड़ी होने से वार्डवासियों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है । हालात यह कि पड़ोसियों के निजी बोर से वे काम चला रहे हैं ।

**हैंड पम्प के भरोसे वार्डवासी**-15 वार्डों में 60 हेण्ड पम्प है जिनमें से 40 हेण्डपम्प से ही वार्डवासी पीने के पानी के लिए निर्भर है शेष 20 हेण्डपम्प अनुपयोगी होने के चलते बंद पड़े हुए है। हालात यह है कि इनमें से अधिकांश हेण्डपम्पों में पानी का जलस्तर गिर जाने के चलते घण्टों का मशक्कत के बाद किसी तरह वार्डवासियों को बाल्टी भर पानी नसीब हो पा रहा है। कई हेण्डपम्पों से मटमैला पानी आ रहा है जो पीने योग्य नहीं है।

## संपादकीय

# धर्मांतरण रोकना आसान होता तो होते क्यों...

देश हो राज्य हो धर्मांतरण गंभीर समस्या तो है,इसे रोकने की मांग जब-तब संसद में विधानसभाओं में की जाती है,मांग की जाती है कि इसे रोकने के लिए और कड़े कानून लाने की जरूरत है। धर्मांतरण रोकने के लिए तो हर राज्य में कोई न कोई कानून तो होगा ही।आजादी के बाद इसकी जरूरत महसूस की गई होगी। कानून बनाने की मांग जैसे की जा रही है, तब भी की गई होगी। कानून बनाए भी गए होंगे। धर्मातरण को कानून बनाकर रोकना संभव होता तो यह कब से देश व राज्य में रुक गया होता। हर राज्य में धर्मांतरण रोकने का कानून होने के बाद भी धर्मांतरण तो होता ही है। धर्मांतरण होता है इसलिए हर राज्य की विधानसभा व देश की संसद मे इसे रोकने की मांग की जाती है, बताया जाता है कि पहले जो कानून बनाए थे, वह कड़े नहीं हैं इसलिए धर्मातरण का कड़ा कानून बनाया जाए। छत्तीसगढ़ विधानसभा में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने एऩजीओ के जरिए धर्मांतरण का मुद्दा उठाया और बताया कि जशपुर से सबसे ज्यादा मतांतरण के मामले सामने आ रहे हैं।मिशनरियों से जुड़ी शैक्षणिक संस्थाओं को करोड़ो रुपए का अनुदान दिया जाता है लेकिन उसकी आडिट नहीं कराई जाती है।राज्य में धर्मपरिवर्तन के मामले बढ़ रहे हैं।इसमें विदेशी फंडिंग से इंकार नहीं किया जा सकता।गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस पर बताया कि विदेशी फंडिंग की जांच और कार्रवाई का अधिकार केंद्र सरकार के पास है।छत्तीसगढ़ में 364 एनजीओ थे,जांच के बाद 84 एनजीओं की फंडिंग रोकी गई है।127 की वैधता समाप्त की गई है।गृहमंत्री ने यह भी बताया कि चंगाई सभा की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जा रही है।इस साल अब तक चार मामले आए हैं,जिस पर वैधानिक कार्रवाई की गई है। गृहमंत्री ने सब बताया कि कितने एनजीओ है, कितना पैसा मिलता है,एक्टिविटी पर ध्यान दे रहे हैं,जरूरत पड़ने पर कार्रवाई होगी।राज्य में छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य कानून लागू है, धर्मातरण रोकने के लिए इसमें जल्द ही नए प्रावधान लागू किए जाएंगे।विधानसभा में बताया गया कि किस तरह बिलासपुर मे जोशुआ प्रोजेक्ट चलाकर धर्मांतरण कराया जा रहा है,बस्तर के 70 फीसदी गांवों में धर्मातरण कराया जा रहा है।इसके लिए विदेशी फंडिंग का इस्तेमाल किया जा रहा है।गृहमंत्री का जवाब संतोषप्रद नहीं था,उन्होंने कहा कि बस्तर में 18 एनजीओ हैं,जिन्हें विदेशी फंडिंग मिलती है।बस्तर में धर्मातरण रोकने के लिए मिलकर काम करना होगा। वह नहीं बता पाए कि सरकार धर्मातरण रोकने के लिए क्या कर रही है, वह यह बताते हैं कि क्या करने वाली हैं। कोई भी राजनीतिक दल हो, वह सत्ता में नहीं रहता है तो वह जोरशोर से धर्मांतरण की बात करता है लेकिन जैसे ही वह सत्ता में आता है तो उसे पता चलता है कि कानून है,प्रशासन है लेकिन धर्मांतरण चल रहा है, उसे रोकने का प्रयास किया जा सकता है, कुछ मामलों में कार्रवाई भी की जा सकती है, लेकिन पूरी तरह रोका नहीं जा सकता।क्योंकि धर्मांतरण सीधे तो कराया नहीं जाता है।सेवा,शिक्षा व मदद के नाम पर कराया जाता है।किसी भी संस्था को कोई भी सरकार आदिवासी क्षेत्र में अस्पताल व स्कूल खोलने से कैसे मना कर सकती है। आदिवासियों की सेवा करना उनको शिक्षित करना कोई ऐसा काम तो हैं नहीं सरकार उस पर रोक लगा दे। जिस क्षेत्र धर्मांतरण कराना होता है तो उस क्षेत्र में पहले अस्पताल खोला जाता है,स्कूल खोला जाता है। वहां मुफ्त इलाज किया जाता है, मुफ्त शिक्षा दी जाती है।वहां पर धर्म विशेष के लोगों को नियुक्त किया जाता है।धर्म विशेष के लोगों के लिए जरूरी होता है कि वह रोज प्रार्थना करे तो उसके लिए सरकार से अनुमति लेकर चर्च बनाया जाता है।उसके बाद धर्म का प्रचार किया जाता है,देश में धर्म का प्रचार करने पर भी कोई रोक नहीं है।जब लोगों को मुफ्त इलाज, मुफ्त शिक्षा की आदत हो जाती है, उनके लिए जरूरी हो जाती है तो उनको बताया जाता है कि यह सब सुविधाएं चाहिए तो धर्मपरिवर्तन कर लो। पहले सुविधाओं की आदत डाली जाती है, उसके बाद लोगों का धर्म परिवर्तन आसान हो जाता है। इस तरह धर्म परिवर्तन को कोई नहीं कह सकता कि जबरन धर्मपरिवर्तन कराया गया है। धर्म परिवर्तन कराने वाले कुछ सुविधाओं के बदले एक आदमी को बदलते हैं,उसके बाद परिवार को बदलते हैं, एक दिन पूरा गांव दूसरे धर्म का हो जाता है। मिशनरी जो काम करते है, गरीवों व आदिवासियों को जो सेवा व सुविधा देते हैं, वह उनको उपलब्ध कराना सरकार का काम है।सरकार आदिवासी क्षेत्रो में अच्छा अस्पताल खोले, अच्छा स्कूल खोले तो लोग धर्म विशेष के अस्पताल में इलाज कराने क्यों जाएंगे। लोग धर्म विशेष के स्कूलों में अच्छी शिक्षा के लिए क्यों जाएंगे। धर्म परिवर्तन के लिए सरकारे भी तो दोषी हैं। वह आदिवासियों व गरीबों को अच्छी सुविधाएं नहीं दे पाती है तो वह जहां सुविधाएं मिलती है, वहां जाते है। उसी सुविधा के लिए अपना धर्म बदल देते हैं। कोई भी सरकार आदिवासी क्षेत्र में किसी को अस्पताल, स्कूल खोलने से रोक नहीं सकती, प्रार्थना करने के लिए चर्च बनाने से नहीं रोक सकती। इसलिए कोई भी सरकार आदिवासी क्षेत्र में धर्मातरण पर चिंता तो कर सकती है लेकिन धर्मातरण रोक नहीं सकती। वह भी जानती है कि धर्मातरण क्यों हो रहा है। उसे कैसे रोका जा सकता है लेकिन वह रोक नहीं सकती क्योंकि उसके पास अफरात संसाधन नहीं है। वह गांव गांव में धर्मांतरण रोकने के लिए अस्पताल,स्कूल खोल दे, खोल भी दे तो वहां काम करने के लिए कोई जाएगा नहीं। यानी धर्मातरण न रुकने के लिए सरकार और समाज दोषी है। आजादी के बाद हम गर्व से कहते आ रहे हैं कि क्या बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी, सदियों रहा है दुश्मन दौरे-जहां हमारा। धर्मातरण यूं ही होता रहा तो आने वाले दिनों में हम यह कहना भूल जाएंगे क्या बात है कि हस्ती मिटती नही हमारी। धर्मांतरण कर हमारी हस्ती मिटाई जा रही है।सरकार इसके लिए खुद को दोषी नहीं मानती है और हम भी खुद को दोषी नहीं मानते हैं।अभी वक्त है विदेशी साजिश को समझने का, एक होने का। प्रयागराज महाकुंभ में 66 करोड़ लोगों का आना उम्मीद जगाती है कि हम भीतर से एक है, हम एक हो सकते हैं।

नस्लवाद के खिलाफ उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस

# नफरत, असमानता एवं नस्लीय भेदभाव से लड़ें

**ललित गर्ग**



नस्लवाद मानवता के माथे पर एक बदनुमा दाग है, यह सिर्फ. उन लोगों के जीवन को ही नुकसान नहीं पहुंचाता जो इसे झेलते हैं, बल्कि पूरे समाज को भी नुकसान पहुंचाता है। हम सभी भेदभाव, विभाजन, अविश्वास, असहिष्णुता, घृणा और नफरत से भरे समाज में जीतते नहीं, बल्कि हारते हैं। नस्लवाद के खिलाफ लड़ाई हर किसी की लड़ाई है। नस्लवाद से परे एक दुनिया बनाने में हम सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी उद्देश्य से जनजागृति का माहौल बनाने के लिये प्रतिवर्ष 21 मार्च को विश्व स्तर पर नस्लवाद के खिलाफ उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाते हैं और दक्षिण अफ्रीका में 1960 के शार्पविले नरसंहार के पीड़ितों को याद करते हैं। हम उन लोगों की आवाज एवं दर्द सुनते हैं जो नस्लवाद के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों में शामिल थे। यह दिवस नस्लीय भेदभाव को खत्म करने और समानता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है और नस्लवादी विचारों और प्रथाओं के खिलाफ चल रही लड़ाई को रेखांकित करता है, ताकि नस्लीय अलगाव से मुक्त वैश्विक समझ और एकता को बढ़ावा देते हुए नस्लमुक्त आदर्श एवं समानतामूलक दुनिया का निर्माण किया जा सके। किसी व्यक्ति के साथ उसकी त्वचा के रंग, नस्ल, जातीय मूल या जन्म के देश के आधार पर भेदभाव करना नस्लीय भेदभाव कहलाता है। नस्लीय भेदभाव के जरिए लोगों को समान अवसरों से वंचित किया जाता है या उनका अपमान किया जाता है। नस्लवाद, विदेशी लोगों के प्रति घृणा और उससे संबंधित भेदभाव और असहिष्णुता सभी समाजों में, हर जगह मौजूद हैं। 21 दिसंबर, 1965 को, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने संकल्प 2106 (एक्सएक्स) के माध्यम से सभी प्रकार के नस्लीय भेदभाव के उन्मूलन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को अपनाया, जो नस्लवाद को मिटाने के वैश्विक प्रयास में एक महत्वपूर्ण कदम था। इस वर्ष सभी प्रकार के नस्लीय भेदभाव के उन्मूलन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की 60वीं वर्षगांठ है। संयुक्त राष्ट्र की प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संधियों में से पहली के रूप में, नस्लीय भेदभाव के उन्मूलन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ने भविष्य के मानवाधिकारों की उन्नति के लिए मंच तैयार किया। 60वीं वर्षगांठ नस्लीय भेदभाव के खिलाफ की गई प्रगति पर चिंतन करने और मौजूदा चुनौतियों पर प्रकाश डालने का आह्वान करती है। यह समानता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने और नस्लवाद को खत्म करने के प्रयासों को जारी रखने का समय है, ताकि सभी व्यक्तियों, समाजों के लिए समान व्यवहार एवं समानतामूलक विश्व की संरचना सुनिश्चित हो सके।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत में नस्लीय भेदभावमुक्त समाज को निर्मित करने के लिये प्रतिबद्ध है। मोदी सरकार चाहती है कि नस्लवाद किसी भी स्थिति में और अवश्य ही समाप्त होना चाहिए। और हम सब मिलकर यह सुनिश्चित करें कि हर नस्ल, जाति, रंग, लिंग, पंथ में रुचि रखने वाले लोग एक-दूसरे से सुरक्षित और आपस में संबंधित है, जिससे कि हमारा आने वाला कल सौहार्दपूर्ण तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाला हो। बावजूद इसके पूर्वोत्तर राज्यों एवं अन्य समाजों में नस्लीय भेदभाव पसरा है। नस्ल प्रभावित लोगों के खिलाफ बढ़ रही आपराधिक घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण हैं। ये घटनाएं न सिर्फ राजधानी में इन राज्यों के लोगों के प्रति बढ़ती असहिष्णुता की स्थिति को दशार्ती हैं, बल्कि यहां कानून-व्यवस्था के हालात पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती हैं। विगत एक वर्ष में दिल्ली में पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों के खिलाफ विभिन्न थानों में बड़ी संख्या में मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें जहां हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण जैसे गंभीर आपराधिक मामले बड़ी संख्या में हैं, वहीं महिलाओं के खिलाफ दुष्कर्म, दुष्कर्म के प्रयास, छेड़छाड़, फोन पर फब्तियां कसने व घूरने जैसी घटनाओं को लेकर दर्ज किए गए, मामलों की संख्या भी कम नहीं है। यही नहीं, दिल्ली पुलिस की साइबर सेल के पास सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर नस्लीय टिप्पणियां किए जाने संबंधी मामले भी आ रहे हैं। इस तरह तेजी से बढ़ती आपराधिक घटनाएं राजधानी में पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों में असुरक्षा का भाव पैदा कर रही हैं जो गंभीर चिंता का विषय है। ये स्थितियां भारत के नस्लीय भेदभाव के विरोध और अश्वेतों को समान अधिकार और प्रतिष्ठा दिए जाने की वकालत को भी धुंधलाती है। क्या कारण है कि देश के भीतर के सामाजिक विभाजन एवं नस्लीय भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने के बावजूद उसे मिटा नहीं रहे हैं। भले ही ऐसी वारदातें पुलिस की नजर में छोटी हों लेकिन राष्ट्रीय अस्मिता एवं गौरवपूर्ण संस्कृति के लिये चिन्ताजनक है। तेजी से बढ़ता नस्लीय हिंसक दौर किसी एक प्रान्त का दर्द नहीं रहा। इसने हर भारतीय दिल एवं भारत की आत्मा को जख्मी बनाया है। अब इन हिंसक होती स्थितियों को रोकने के लिये प्रतीक्षा नहीं, प्रक्रिया आवश्यक है। देश में कई विसंगतिपूर्ण एवं भेदभावपूर्ण धाराएं बलशाली हो रही हैं, जिन्होंने जोड़ने की जगह तोड़ने को महिमामंडित किया हैं, प्रेम, आपसी भाईचारे और सौहार्द की जगह नफरत, द्वेष एवं विघटन को हवा दी। शायद यही वजह है कि भारत में अब भी लोग हर तरह के वर्ग और समुदाय के साथ घुल-मिलकर रहना सीख नहीं पाए हैं। उनके अचेतन में बिठा दिए गए पूर्वाग्रह समय-समय पर खतरनाक ढंग से सामने आते रहते हैं। एक आधुनिक और सभ्य समाज का लक्षण यह है कि वह अलग-अलग धाराओं से आने वाले लोगों और विचारों को खुले मन से स्वीकारें। आज राजनेता अपने स्वार्थों की चादर ताने खड़े हैं अपने आपको तेज धूप से बचाने के लिये या सत्ता के करीब पहुंचने के लिये। सबके सामने एक ही अहम सवाल आ खड़ा है कि ह्यजो हम नहीं कर सकते वो तुम कैसे करोगे?ह्ल लगता है इसी स्वार्थी सोच ने, आग्रही पकड़ ने, राजनीतिक स्वार्थ की मनोवृत्ति ने देश को इंसानों को नस्ल, भाषा, रंग, धर्म के भेदभावों की आग में झोंक रखा है।

इक्कींसवी सदी का आदमी हवा में उड़ने लगा है, चांद पर चहलकदमी करने लगा है, ग्रह-नक्षत्रों की दुनिया में झांकने लगा है, यंत्र मानव का निर्माण करने लगा है, अपनी अधिकांश समस्याओं का समाधान कम्प्यूटर-कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) से पाने लगा है, लेकिन इंसान इंसान के बीच के भेदभाव को मिटाने की दिशा में अभी भी यथोचित सफलता नहीं मिली है। यही कारण है कि नस्लीय, लैंगिक, जातीय, भाषायी भेदभाव खड़े हैं। नस्लीय भेदभाव एक गहरा मुद्दा बना हुआ है जो अल्पसंख्यक समूहों को प्रभावित करता है। रूढ़िवादिता, पूर्वाग्रह और प्रणालीगत नस्लवाद असमान अवसरों, संसाधनों तक सीमित पहुंच और शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवा में व्यापक असमानताओं का बड़ा कारण हैं। नस्लीय भेदभाव के दुष्परिणाम व्यक्तिगत अनुभवों से कहीं आगे तक फैले हुए हैं, जो पूरे समुदाय को नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। नस्लीय भेदभाव सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को बढ़ावा देते हैं, जिससे पीढ़ियों तक नुकसान का चक्र चलता रहता है। जैसे-जैसे नस्लवाद के खिलाफ उन्मूलन के दिवस के आंदोलन ने गति पकड़ी, नस्लीय भेदभाव के खिलाफ लड़ाई में मील के पत्थर हासिल होते गए, जिससे अधिक समावेशी भविष्य की उम्मीद जगी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के अमृतकाल-2047 तक नये भारत-विकसित भारत-सशक्त भारत निर्मित करने की योजनाओं के साथ भारत में भेदभाव, ऊंच-नीच, छूआछूत की अमानवीता को न केवल धोया हैं, बल्कि एक अधिक समानता एवं समतापूर्ण आदर्श-समाज व्यवस्था की नींव को मजबूती दी हैं। इंसान इंसान को बांटने वाली हर दीवार को और हर भेदभाव को ढहाया जा रहा है। इंसान ने भेदभाव की नीति अपनाते हुए संसार को बाँट दिया। मानव और मानव के बीच में जो नस्ल, जाति, भाषा, रंगभेद की दीवारें खड़ी हैं, उनको ढहाना होगा, और इसके लिए नस्लवाद के खिलाफ उन्मूलन के दिवस जैसे विश्व अभियान को अधिक सशक्त, कार्यकारी एवं सक्रिय करने की आवश्यकता है।

## राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। काफी संघर्षों के बाद आपको राहत मिलेगी। पारिवारिक जीवन में आपको तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपकी कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। आपकी संतान को नई नौकरी मिलने से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। आपको कोई नई जिम्मेदारी मिलने से घबराना नहीं है। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर कोई झूठा आरोप लगा सकता है।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। परिवार में लोग आपकी बातों का सम्मान करेंगे। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। संतान को तरक्की करते देखा आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर दिल से ज्यादा दिमाग की सुननी होगी। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आपके अटके हुए काम पूरे होने से खुशी होगी। आपकी आर्थिक स्थिति को लेकर आपको कोई महत्वपूर्ण कदम उठाना पड़ सकता है। आप अपनी इनकम को बढ़ाने के सोर्स पर ध्यान देंगे। आपको किसी पैतृक संपत्ति की भी प्राप्ति हो सकती है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। परिवार में किसी पूजा-पाठ का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती है। आप किसी नए वाहन की खरीदारी के लिए कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं।

सिंह- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आपको किसी धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। वरिष्ठ सदस्यों की कृपा आप कर बनी रहेगी। कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होने से खुशी होगी। आपको पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर दूर करने की आवश्यकता है। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं, जिन्हें आपको पहचाना होगा। आप किसी से धन उधार सोच समझकर लें।

कन्या- आज का दिन आपके लिए मेहनत और ईमानदारी से काम करने के लिए रहेगा। पारिवारिक रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों की किसी नए काम को करने की इच्छा जागृत हो सकती है। आपको कुछ पुराने लेने-देनो से छुटकारा मिलेगा। आपका कोई सहयोगी आपके ऊपर कोई झूठा आरोप लगा सकता है। जीवनसाथी आपके लिए कोई उपहार लेकर आ सकते हैं।

तुला- आज का दिन आपके लिए सुख-समृद्धि लेकर आने वाला है। जीवनसाथी किसी नए प्रोजेक्ट पर काम की शुरूआत कर सकते हैं। आप अपने साथी के साथ कुछ यादगार पल व्यतीत करेंगे। दोस्तों के साथ आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपकी दीर्घकालिक योजनाओं को गति मिलेगी। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। विवाह में कोई रुकावट आ सकती है। शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपका कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। आपको यदि किसी बात को लेकर कोई चिंता थी, तो वह भी दूर होगी। आपको कुछ नए विरोधी परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं।

धनु- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप किसी प्रॉपर्टी में धन लगा सकते हैं। आपको घर के बड़े सदस्यों की सलाह पर चलना अच्छा रहेगा। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

मकर- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की साथी से मुलाकात होगी। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं। आप किसी से कोई भी लेनदेन बहुत ही सोच समझकर करें। आपको किसी दूर रहे परिजन की याद सता सकती है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप ऑफिस में अपने बॉस की बातों को नजरअंदाज ना करें। किसी नए इलेक्ट्रॉनिक आइटम की आप खरीदारी कर सकते हैं। आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहेगी, लेकिन आप किसी दूसरे के मामले में बोलने से बचें। आप किसी कानूनी मामले को लेकर परेशान रहेंगे, इसके लिए आपको किसी वकील से सलाह लेनी पड़ सकती है।

मीन- आज का दिन व्यापार में अच्छा लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपके घर किसी मेहमान का आगमन होने से खुशियां बढ़ेगी। आपको जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा और आपको ऑफिस में अक्समात लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें। आपके मन में कुछ उथल-पुथल रहने से आपको कोई टेंशन तो रहेगी, लेकिन आप अपने कामों को आसानी से पूरा करने की कोशिश में लगे रहेंगे।

## व्यंग्य

# नेता जी के नहाने का साबुन

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**



बात उन दिनों की है जब नेता जी चुनावी दौरे पर थे और जनता के बीच जाकर आत्मीयता दिखाने का नाटक कर रहे थे। भाइयों और बहनों!–नेता जी के इस उद्घोष से जनता में एकाएक ऊर्जा आ जाती, ठीक वैसे ही जैसे पुराने ट्रांजिस्टर में नया सेल डालने से आवाज तेज हो जाती है। वे गाँव की पगडंडियों पर चलते, गरीबों के घरों में बैठते, वहाँ की रोटी तोड़ते और फोटो खिंचवाकर मीडिया में अपनी सादगी की ब्रांडिंग करवाते। पर इस बार किस्सा कुछ अलग था। नेता जी को इस बार किसी गरीब के घर में रुकना पड़ा और सुबह नहाने के लिए साबुन की तलाश करने लगे। अब गाँव के घरों में साबुन कहाँ मिलता? एक बच्चे ने उन्हें कपड़े धोने वाला नीला टुकड़ा लाकर दे दिया। नेता जी उसे देखकर हक्के-बक्के रह गए। अरे भई, ये कौन सा विदेशी ब्रांड है? नेता जी साबुन लेकर बाथरूम में गए, पर जैसे ही उसे हाथ में लिया, उनकी आत्मा कांप उठी। हे भगवान! ये तो ऐसा है जैसे किसी ने रॉकेट लॉन्चर को बारूद से भर दिया हो! फिर भी चुनावी इमेज की खातिर उन्होंने साबुन को हाथों में घिसा, लेकिन झाग तो छोड़ो, साबुन हाथ से फिसलकर जमीन पर जा गिरा। गाँव वालों ने बाहर से पूछा, नेता जी! कैसा लग रहा है हमारा देसी साबुन? नेता जी अंदर से बोले, बस यही देख रहा हूँ कि ये साबुन है या गाँधी जी का तीन बंदर–न झाग देता है, न महकता है, न शरीर से चिपकता है!




किस्सा यहीं खत्म नहीं हुआ। जैसे-तैसे साबुन को अपने शरीर पर आजमाने की कोशिश की, तो लगा मानो ज़िंदगी के सारे पाप धुलने की बजाय चिपक गए हों। अब नेता जी की त्वचा में जलन होने लगी, जैसे किसी ने मिर्ची पाउडर मिला दिया हो। हे राम! ये साबुन बना है कि लोहा चमकाने वाला केमिकल? नेता जी बाथरूम से निकलते ही सीधे पानी की टंकी के नीचे बैठ गए और वहाँ से चिल्लाए, भइयो, मुझे तो लग रहा है कि तुम लोग इसी साबुन से बैलगाड़ी के पहिए चमकाते हो! गाँव के लोग हँसने लगे, मगर कोई बोलता क्यों नहीं कि साबुन दरअसल उनकी कड़ी मेहनत का परिणाम है?अब गाँव के सरपंच से रहा नहीं गया। उन्होंने कहा, नेता जी, हमारी ज़िंदगी का असली रंग यही है! यह साबुन हमारी असली मेहनत की तरह है–कठोर, सख्त और झाग रहित! आप इसे महसूस कर रहे हैं, लेकिन हम इसे हर दिन जीते हैं। नेता जी को पहली बार एहसास हुआ कि इस चुनावी दौरे का असली सबक यह नहीं कि वे कितने सरल दिख सकते हैं, बल्कि यह कि आम जनता की ज़िंदगी कितनी कठिन है। लेकिन, यह सोचकर ही उन्होंने अपने आसपास देखा, कहीं कोई पत्रकार तो नहीं? साबुन के झटके से उबरते ही उन्होंने तुरंत अपना विदेशी ब्रांड वाला साबुन मँगवाया और कहा, भाई, कुछ भी कहो, लेकिन चुनावी प्रचार के चक्कर में जान भी दांव पर नहीं लगानी चाहिए! तभी गाँव का एक बुजुर्ग बोला, बेटा, जो साबुन हमारी गरीबी नहीं धो पाया, वो तुम्हारी चालाकी क्या खाक धोएगा? नेता जी चुप हो गए।

लेकिन यह कहानी यहीं खत्म नहीं होती। नेता जी की पार्टी के कार्यकताओं ने तुरंत घोषणा कर दी कि गाँव वालों के लिए मुफ्त साबुन योजना लाई जाएगी। अगले ही दिन ट्रक भर-भरकर चमचमाते साबुन बाँटे जाने लगे। लेकिन मजेदार बात यह थी कि वो सब साबुन वहीं के लोगों ने शहर में जाकर बनवाए थे, उसी नेता जी के चुनावी चंदे से! तो, भाइयों और बहनों! कहानी की सीख यह है कि नेता जी का नहाने का साबुन बदल सकता है, पर जनता का पसीना आज भी वैसे ही बहता है। और वैसे भी, सियासत का असली साबुन तो वो होता है, जो वादों की मैल को आसानी से धो सके, मगर अफसोस! ऐसा कोई साबुन अब तक बना ही नहीं!

## विश्लेषण

# सुनहरा लम्हा : धरती पर लौटीं सुनीता विलियम्स

**डॉ सत्यवान सौरभ**

नासा की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर, जो पिछले नौ महीने से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (क्रर) पर थे, आज सफलतापूर्वक धरती पर लौट आए हैं। स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल की मदद से उन्होंने मेक्सिको की खाड़ी में सुरक्षित लैंडिंग की। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए अंतरिक्ष में गए थे। हालांकि, स्टारलाइनर में तकनीकी खामी के कारण उनकी वापसी में देरी हुई, जिससे वे नौ महीने तक क्रर पर रहे। उनकी वापसी के लिए स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन लॉन्च किया गया था, जिसने सफलतापूर्वक उन्हें धरती पर वापस लाया। वापसी के बाद, दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को स्ट्रेचर पर ले जाया गया, जो लंबे समय तक भारहीनता में रहने के बाद सामान्य प्रक्रिया है। यह मिशन न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्त्वपूर्ण रहा, बल्कि इससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों को समझने में भी मदद मिलेगी। इससे नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों को भविष्य के गहरे अंतरिक्ष अभियानों, जैसे कि मंगल पर मानव मिशन की योजना बनाने में सहायता मिलेगी। सुनीता विलियम्स की यह वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री हैं, जिनका भारत से गहरा जुड़ाव रहा है। उनके पिता भारतीय मूल के हैं और उन्होंने कई बार भारत के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया है। भारत में अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान की बढ़ती उपलब्धियों के बीच, सुनीता विलियम्स एक प्रेरणास्त्रोत बनी हुई हैं। इसरो (क्रफ्ड) भी अब मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान, की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। इसरो ने हाल ही में गगनयान के लिए प्रमुख परीक्षण पूरे किए हैं और आने वाले वर्षों में भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन को लॉन्च करने की योजना बना रहा है।



सुनीता विलियम्स की उपलब्धियाँ न केवल भारतीय वैज्ञानिकों बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत हैं। उनकी सफलता यह दिखाती है कि भारतीय मूल के लोग वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। भविष्य में, इसरो और नासा के बीच सहयोग बढ़ सकता है, जिससे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को और मजबूती मिलेगी। सुनीता विलियम्स न केवल एक उत्कृष्ट अंतरिक्ष यात्री हैं, बल्कि एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी हैं। उनका सफर यह दशार्ता है कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और विज्ञान के प्रति जुनून कैसे किसी को नई ऊंचाइयों तक पहुँचा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित किया है कि वे अंतरिक्ष अनुसंधान और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ें। उन्होंने कई मौकों पर भारतीय छात्रों और युवाओं से संवाद किया है और उन्हें वैज्ञानिक क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उनके अनुभव और उपलब्धियाँ न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि विज्ञान और तकनीक में रुचि रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक प्रेरणा हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि सीमाएँ केवल मानसिकता में होती हैं और यदि कोई लक्ष्य निर्धारित किया जाए, तो उसे प्राप्त किया जा सकता है। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स की यह वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनीता विलियम्स की सफल वापसी पर बधाई दी और उनके साहस तथा समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि सुनीता विलियम्स न केवल भारतीय मूल के लोगों के लिए गर्व का विषय हैं, बल्कि पूरे विश्व के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि उनका यह मिशन भारत के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और युवाओं के लिए एक प्रेरणा है, जो अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयों को छूने का सपना देखते हैं।

## एक नजर

### अध्यक्ष जिला पंचायत के पद पर मंगम्मा सोयम और उपाध्यक्ष पद पर महेशकुमार कुंजाम विजयी

**सुकमा, 21 मार्च।** जिला पंचायत सुकमा में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के लिए निर्वाचन जिला



पंचायत के सभाकक्ष में गुरूवार को सम्पन्न हुआ। पंचायत निर्वाचन में जिला पंचायत अध्यक्ष हेतु जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मंगम्मा सोयम विजयी हुई उन्होंने प्रत्याशी श्रीमती माड़े बारसे को 1 वोट से हराया। श्रीमती मंगम्मा सोयम को 06 और श्रीमती माड़े बारसे को 05 सदस्यों के वोट मिले। उपाध्यक्ष पद के लिए जिला पंचायत सदस्य श्री महेशकुमार कुंजाम विजयी हुए। उन्होंने प्रत्याशी श्री हुंगाराम मरकाम को 3 वोट से हराया। श्री महेशकुमार कुंजाम को 07 और श्री हुंगाराम मरकाम को 04 सदस्यों के वोट मिले। जिला पंचायत सीईओ और निर्वाचन के पीठासीन अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन ने अध्यक्ष पद पर विजयी प्रत्याशी श्रीमती मंगम्मा सोयम और उपाध्यक्ष पद पर विजयी प्रत्याशी श्री महेशकुमार कुंजाम को निर्वाचन में विजयी प्रमाण पत्र सौंपा। इसके पश्चात श्रीमती जैन ने जिला पंचायत के बाहर उपस्थित जनसमूह को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के जीत की औपचारिक घोषणा की। जिला पंचायत के सभागार में वैलेट पेपर से निर्वाचन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक पीठासीन अधिकारी श्री सुमित कुमार ध्रुव, उपसंचालक पंचायत श्रीमती संध्या रानी कुर्रे उपस्थित थी।

### अधीक्षक अभियंता ने जल जीवन मिशन की समीक्षा कर कार्यों को तेजी से करने दिए निर्देश

**जगदलपुर 21 मार्च।** अधीक्षण अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्री कैलाश मंडरिया द्वारा गुरुवार को बस्तर जिले के अंतर्गत जल जीवन मिशन



के कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर कार्यों को तेजी के साथ संचालित कर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने खंड जगदलपुर के अंतर्गत वर्तमान में प्रगतिरत जल प्रदाय योजनाओं को समयबद्ध रूप से चलाए जाने सहित नियमित तौर पर मॉनिटरिंग कर अद्यतन प्रगति लाने तथा नियत समय में पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही धीमी प्रगति वाले कार्यों के विलंब हेतु सम्बन्धित ठेकेदारों को नोटिस जारी करने के साथ ही कार्यों में जल्द अद्यतन प्रगति लाने निर्देशित करने कहा। वहीं कार्यों को तय समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए रुचि नहीं रखने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध नियमानुसार पेनाल्टी सहित अन्य कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता ने जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ता के मानकों का अनुपालन करवाने पर ध्यान केंद्रीत किए जाने कहा और सहायक अभियंताओं तथा उप अभियंताओं को निरंतर फील्ड भ्रमण कर कार्यों की मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए। वहीं कार्यों की प्रगति एवं पूर्णता में लापरवाही बरतने वाले सम्बन्धित सहायक अभियंता तथा उप अभियंता के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने की चेतावनी दी।

### उत्कर्ष योजना अंतर्गत कक्षा 6 वीं में प्रवेश परीक्षा तिथि में परिवर्तन

**जगदलपुर 21 मार्च।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना (यथा-संशोधित 2021) कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा वर्ष 2025-.26 हेतु संशोधित तिथि 30 मार्च 2025 को (समय.12 बजे से 2 बजे तक) निर्मल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर जिला. बस्तर में प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन किया गया है। पूर्व में यह तिथि 23 मार्च 2025 रविवार को आयोजित होनी थी। उक्त प्राक्चयन परीक्षा तिथि में आंशिक संशोधन करते हुए अब 30 मार्च को किया गया है।



**जगदलपुर 21 मार्च।** कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में जिले महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों को दिशा दर्शन भ्रमण कार्यक्रम के तहत दो बसों में कोरापुट ओडिशा के लिए रवाना किया गया। दल को मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन और अपर कलेक्टर सीपी बघेल द्वारा हरी झंडी दिखाकर कोरापुट के लिए रवाना किया गया।

# नाली का ढक्कन बनाकर ढंकना भूल गया पालिका प्रशासन







- सालों से बना सड़क किनारे पड़ा है नाली का ढक्कन
- खुली नालियां दे रही हादसों को दावत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 21 मार्च।** बीते कार्यकाल में नगर की खुली नालियों को ढंकने के लिए अलग अलग वार्डो में ढक्कन बनाने का काम तो हुआ मगर नगर पालिका प्रशासन इसे ढकना भूल गई है ऐसा लगता है। पालिका प्रशासन की सुस्त एवं लचर कार्यप्रणाली के चलते नालियों को आज पर्यत तक ढंका नहीं गया है। वार्डो एवं सड़क किनारे की खुली नालियां हादसों का सबब बनती जा रही है। आए दिन मवेशी या फिर छोटे बच्चे इसमें गिरकर चोटिल हो रहे हैं। नगर पालिका का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। नालियां का ढक्कन बनाने वाले ठेकेदार को पालिका कुछ नहीं कहती वहीं पालिका के तकनीकी अधिकारी जिन्हें ये देखने की जिम्मेदारी है कि नालियों के लिए बनाए गए ढक्कन नालियों पर चढ़ाए गए हैं या नहीं उन्हें भी कोई मतलब नहीं होता।

गौरतलब है कि नगर के वार्ड नंबर 14 में देवभोग हॉटल के सामने तथा पुराने साप्ताहिक बाजार चौक स्थल पर कई महिनों पहले खुले नालियों को ढंकने के लिए ढक्कन बनाए गए थे। ढक्कन बनकर सुखकर सड़क किनारे पड़े सालों बीत गए हैं मगर अब तक उन्हें उठाकर नालियों के उपर नहीं रखा गया है। ढक्कन होते हुए भी नालियां खुले में पड़ी है जिसमें आए दिन मवेशी या आम इंसान धोखे से गिरता रहता है। ये खुली नालियां हमेशा हादसों को आमंत्रण देती हैं। नगर में अब भी कई वार्डो में नालियों को ढका नहीं गया है। नालियों में अथाह गंदगी भरी पड़ी है। न ही नालियों की सफाई होती है और ना ही नालियों को ढंकने की कवायद हो रही है। नगर पालिका के अधिकारी, अध्यक्ष व वार्ड के पार्षद की यह महती जिम्मेदारी बनती है कि वे घुमकर नगर के समस्याओं का जायजा लें और त्वरित निराकरण करें। मगर ऐसा लगता है कि नव निर्वाचित पार्षद एवं अध्यक्ष चुनाव जीतने के बाद अपनी जिम्मेदारी भुल गए हैं। जिसका खामियाजा आम वार्डवासियों को भुगतना पड़ रहा है। नगर पालिका में निर्माण कार्य होते तक सभी की इंद्रियां जागृत रहती है और जहां काम खतम, उसके बाद कोई झांकने नहीं जाता कि काम सही हुआ भी है या नहीं। शिकायत पर भी पालिका के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं देते। जब तक कोई बडा हादसा न हो जाए इनकी आंखें नहीं खुलती।

बैंक चौक में खुले नाले कूडों का ढेर- नगर के बैंक चौक में बने नालों की सालों से सफाई नहीं की गई है। नाला को ढका भी नहीं गया है। खुले नाले में आसपास के लोग कूडा करकट डालते हैं जिससे नाला पूरी तरह से खाली बातलों एवं कूडा करकट की ढेर से पटा पड़ा है।

नाले में अथाह गंदगी बजबजा रही है जिसे साफी कराने का टाइम नगर पालिका के पास नहीं है। पालिका को हर साल टैक्स देने वाली नगर की जनता को क्या इतना भी अधिकार नहीं कि वे स्वच्छ वातावरण में अपनी सांस ले सकें। गंदगी, मच्छरो के संक्रमण के चलते आए दिन लोग संक्रमित होकर बीमार हो रहे हैं। नगर की सफाई व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की है।

## जिला जेल दंतेवाड़ा का छत्तीसगढ़ राज्य मानव अधिकार आयोग ने किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 21 मार्च।** छत्तीसगढ़ राज्य मानव अधिकार आयोग के कार्यकारी अध्यक्ष श्री गिरीधारी नायक, श्री मनीष मिश्रा संयुक्त संचालक, एवं अन्य सदस्यों द्वारा जिला जेल दंतेवाड़ा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदी बैरकों, पाकशाला, स्नानागार, शौचालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदी बैरकों में जाकर बंदियों से उनके हालचाल पुछा गया तथा प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे भोजन, स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षण, आजीविका कौशल विकास प्रशिक्षण, बंदियों के प्रकरणों के संबंध में जानकारी, बंदियों से उनकी समस्याओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त किया गया। जिला प्रशासन के सहयोग से बंदियों को प्रदाय किये जा रहे आजीविका कौशल विकास प्रशिक्षण एवं डिजीटल साक्षरता प्रशिक्षण कार्य को सराहा गया एवं जेल में परिरूद्ध बंदियों को मुख्यधारा से पुनः जोड़ने हेतु एक अच्छी पहल बताया गया।

जेल अधिकारियों से ईलाज हेतु किये जा रहे व्यवस्था, जेल में आत्महत्या के प्रकरणों के संबंध में, नक्सली प्रकरणों में परिरूद्ध बंदियों एवं उनकी रिहाई के संबंध में जानकारी प्राप्त किया गया। साथ ही अधिकारियों / कर्मचारियों से उनकी समस्याओं से भी रूबरू हुये। कार्यकारी अध्यक्ष श्री गिरीधारी नायक, द्वारा जेल अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

निरीक्षण के दौरान श्री राजेश पात्रे, अपर कलेक्टर दंतेवाड़ा, सत्कार अधिकारी श्री मूलचंद चोपड़ा, श्री जी.एस.शोरी, जेल अधीक्षक, अन्य विभाग के जिलाधिकारीगण तथा श्री मनीष कुमार दिवाकर, सहायक जेल अधीक्षक, श्री शिवकुमार देवांगन, शिक्षक, श्री संजय चौधरी फर्मासिस्ट एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## ब्लाकस्तरीय बस्तर पंडुम का आयोजन किया बालक सेजेस स्कूल जिंदगढ़ में

**सुकमा, 21 मार्च।** बस्तर संभाग की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के निर्देशन में बस्तर पंडुम 2025 का विकासखंड स्तरीय आयोजन गुरुवार को बालक सेजेस हायर सेकेंडरी स्कूल, जिन्दगढ़ में संपन्न हुआ। इस आयोजन में स्थानीय लोक कला, शिल्प, रीति-रिवाज, तीज-त्योहार, वेशभूषा, आभूषण, वाद्य यंत्र, पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत, नाट्य कला, व्यंजन और पेय पदार्थों के मूल स्वरूप को संरक्षित करने की दिशा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों, आदिवासी समाज प्रमुखों और सिरहा-गायता पूजारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



## प्राकृतिक आपदा पीड़ित 10 परिवारों को 40 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**जगदलपुर 21 मार्च।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 10 परिवारों को 40 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् तहसील तोकापाल ग्राम गुडरा मारेंगा निवासी चैतु मौर्य की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नि श्रीमती रेयती मौर्य को, तहसील बस्तर ग्राम सालेमेटा-02 निवासी सुकमती बघेल की मृत्यु सांप काटने से पति श्री दिनेश बघेल को, ग्राम बाघनमोहलई निवासी बुटू कश्यप की मृत्यु पानी में डूबने से पुत्री व पुत्र को, तहसील भानपुरी ग्राम बड़ेआमाबाल निवासी जुगरी कश्यप की मृत्यु सांप काटने से पति श्री सुकूराम कश्यप को, ग्राम मांदलापाल निवासी मंगलराम कश्यप की मृत्यु सांप काटने से माता श्रीमती बसंती कश्यप को, ग्राम तुरपुरा निवासी घनश्याम की मृत्यु सांप काटने से पिता श्री जगु कश्यप को, ग्राम नंदपुरा निवासी बुटकी कश्यप की मृत्यु सांप काटने से पति श्री गडरू कश्यप को, तहसील लोहण्डीगुड़ा ग्राम इरिकपाल निवासी लच्छिन कश्यप की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नि श्री कुमारी कश्यप को, ग्राम कोड़ेनार निवासी रामधर नाग की मृत्यु सांप काटने से पत्नि श्रीमती नीलबती को और तहसील दरभा ग्राम छिन्दावाड़ा निवासी तिलो यादव की मृत्यु पानी में डूबने से माता सुबरी को 4-4 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी गई है।

## प्राणदायिनी इंद्रावती के जल स्तर के संबंध में किरण देव को ज्ञापन सौंपा



**जगदलपुर, 21 मार्च।** बस्तर की प्राणदायिनी इंद्रावती के जल स्तर के संबंध में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा बस्तर जिला ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव को ज्ञापन देकर इंद्रावती एवं जोरा नाला की गंभीर समस्या के समाधान करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा । जिस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने कहा कि बस्तर की प्राणदायिनी इंद्रावती के जलस्तर को लेकर के उच्च स्तरीय बैठक कर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय , जल संसाधन मंत्री श्री केदार कश्यप जी के नेतृत्व में लगातार ओड़ीसा सरकार से इंद्रावती के जल स्तर को लेकर चर्चा किया जा रहा है जल्द ही बस्तर की गंभीर विषय इंद्रावती के संबंध में सार्थक परिणाम मिलेगा । प्रदेश की भाजपा सरकार बस्तर के इस गंभीर विषय पर तत्परता के साथ कार्य कर रही है । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने कहा कि हम बस्तर वासियो के लिए इंद्रावती नदी प्राणदायिनी एवं पूजनीय है । इंद्रावती नदी के जलस्तर को बढ़ाने के विषय पर गंभीरता से छत्तीसगढ़ सरकार एवं ओड़ीसा सरकार चर्चा कर रही है जल्द ही इस संबंध में सार्थक परिणाम मिलेगा।

## ब्लॉक स्तरीय बस्तर पंडुम में लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया

- बस्तर पंडुम के माध्यम से पारंपरिक नृत्य, लोकगीत, हस्तशिल्प और आदिवासी रीति-रिवाजों को मिला समुचित मंच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 21 मार्च।** जिले के जगदलपुर, बस्तर, तोकापाल, बास्तानार एवं दरभा विकासखण्ड में गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय बस्तर पंडुम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों ने कहा कि यह आयोजन बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और संवर्धित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। बस्तर पंडुम के माध्यम से पारंपरिक नृत्य, लोकगीत, हस्तशिल्प और आदिवासी रीति-रिवाजों को मंच प्रदान किया जा रहा है, जिससे स्थानीय संस्कृति को नई पहचान मिल रही है। इस उत्सव में विभिन्न जनजातीय समूह अपनी कला और परंपराओं का प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे न केवल सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ेगी बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। जिले के इन सभी ब्लॉक में आयोजित उक्त कार्यक्रम में स्थानीय लोक कलाकारों, जनजातीय समुदायों और संस्कृति प्रेमियों का उत्साह देखते ही बना। बस्तर पंडुम न केवल संस्कृति को सहेजने का प्रयास है बल्कि सामाजिक एकता और पारंपरिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी है। जिले के इन सभी विकासखंड में बस्तर पंडुम के तहत हजारों प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिले में बस्तर पंडुम का जिला स्तरीय कार्यक्रम 22 एवं 23 मार्च को इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम जगदलपुर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें ब्लॉक स्तर से चयनित प्रतिभागी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि बस्तर पंडुम 2025 के अन्तर्गत अनेक विधाएं शामिल की गई। जिसमें जनजातीय नृत्यों के तहत गेड़ी, गौर-माड़िया, ककसाड़, मांदरी, हुलकीपाटा, परब सहित लोक गीत श्रृंखला के तहत जनजातीय गीत- चैतपरब, लेजा, जगारगीत, धनकुल, हुलकी पाटा (रीति-रिवाज, तीज त्यौहार, विवाह पद्धति एवं नामकरण संस्कार आदि) जनजातीय नाट्य श्रेणी में भतरा नाट्य जिन्हें लय एवं ताल, संगीत कला, वाद्य यंत्र, वेषभूषा, मौलिकता, लोकधुन, वाद्ययंत्र, पारंपरिकता, अभिनय, विषय-वस्तु, पटकथा, संवाद, कथानक के मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया गया।

## पीएम आवास योजना की जिला स्तरीय बैठक में की गई समीक्षा

**सुकमा, 21 मार्च।** जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में स्वीकृत एवं प्रगतिरत आवासों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन ने की। इस दौरान जिले में आवास निर्माण की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई और निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। जिला प्रशासन इस योजना को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और लाभार्थियों को जल्द से जल्द उनके आवास उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है।

**नियमित निरीक्षण और कार्य प्रगति पर जोर**-सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जैन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए, ताकि निर्माण कार्य में प्रगति बनी रहे और कोई भी कार्य लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि दूसरी किश्त जारी हो चुकी है, जिन लाभार्थियों को राशि प्राप्त हो चुकी है, उन्हें समयसीमा के भीतर आवास निर्माण कार्य को पूरा कराने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन आवासों का निर्माण अभी प्रारंभ नहीं हुआ है, उन्हें शीघ्र प्रारंभ किया जाए। कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए सीईओ ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अस्वीकार्य होगी और संबंधित अधिकारी-कर्मचारी जवाबदेह होंगे।

## 217वीं वाहिनी सीआरपीएफ ने मनाया 15 वां स्थापना दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 21 मार्च।** 217वीं वाहिनी ने अपना 15 वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से



मनाया। इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय कोन्टा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कमाण्डेंट श्री विजय शंकर तथा अन्य सभी रेंको के कार्मिको ने शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा क्वार्टर गार्ड पर सेरिमोनियल गार्ड द्वारा सलामी दी गई। इसके पश्चात वाहिनी के कमांडेंट द्वारा सैनिक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए सभी कार्मिको को बधाई दी। वाहिनी के इतिहास व उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताते हुए सभी कार्मिकों को तनाव मुक्त रहने तथा स्वास्थ्य, शिक्षा और संस्कार का हमारे जीवन मे महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। इस अवसर पर श्री अरविन्द पी0 आनन्द (द्वितीय कमान अधिकारी, श्री नीर सिंह मीणा (द्विकमा अधिकारी), श्री सौरभ कुमार सिंह, (उप कमाण्डेन्ट),श्री डी. राजा. इलपरिथी, (सहा0 कमाण्डेन्ट), तथा श्री क्लारेंन्स वि0 एफ0 (सहा कमाण्डेन्ट), एवं वाहिनी के अन्य अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थिति रहे।

## क्षेत्रीय साहू समाज ने किया होली मिलन का आयोजन



**जगदलपुर, 21 मार्च।** क्षेत्रीय साहू समाज तेतरकुटी ने रंग पंचमी के दिन होली मिलन समारोह मनाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार साहू समाज के अध्यक्ष गणेश राम साहू के निवास में साहू समाज के गणमान्य जनो की उपस्थिति में सद्भाव के साथ होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर तथा मुंह मीठा कर पर्व की बधाई दी गई। तत्पश्चात् नगाड़ों की थाप के साथ फाग गीत प्रस्तुत किये गये। इस दौरान बताया गया कि आगामी 25 मार्च को साहू समाज क़ी आराध्या भक्त माता कर्मा जी क़ी जयंती पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। जिसमे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने क़ी अपील क़ी गई है। इस दौरान गणेश राम साहू, मोहन लाल साहू, लाल बहादुर साहू, मंगलू साहू, संतोष साहू, गोपी राम साहू, परमानंद साहू, मलखन राम सोनवानी, चैतु, बबलू, मोहनलाल साहू सहित साहू समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित



**सुकमा, 21 मार्च।** छत्तीसगढ राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु राज्य शासन द्वारा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ अभियान का संचालन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के द्वारा 10 मार्च 2024 को किया गया है। अभियान के प्रभावी कियान्वयन तथा तय किए गए लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए राज्य की कियान्वयन नीति तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना अनुसार ''बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान'' के प्रभावी क्रियान्यवयन हेतु कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुकमा श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में आज गुरूवार को बाल विवाह रोकथाम, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं अन्य विषयों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति केंद्र प्रशिक्षण हॉल सुकमा में किया गया। बाल विवाह रोकथाम एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 विषय पर जानकारी बाल कल्याण समिति रायपुर के पूर्व अध्यक्ष श्री सरवत नकवी तथा लैंगिक उत्पीड़न, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर जानकारी श्रीमती प्रमिला सिंह के द्वारा दी गई।

# खनिज विभाग की मौन सहमति से मुक्तिधाम में अवैध रूप से रेत डंप

- डंकनी नदी से खुलेआम रेत की चोरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दंतेवाड़ा 21 मार्च।** रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि जिला मुख्यालय से ही खुलेआम बड़े पैमाने पर रेत की चोरी हो रही है। रेत माफिया डंकनी नदी से रेत निकालकर मुक्तिधाम में डंप कर रहे हैं और वहां से टिप्परों में भरकर रेत पार कर रहे हैं। यह रेत दंतेश्वरी मंदिर के सामने स्थित एनीकट के ठीक नीचे डंकनी नदी से निकाली जा रही है। रेत निकालते वक्त कोई देख न ले, इसके लिए रात के अंधेरे में नदी से जेसीबी व पोकलेन लगाकर खुदाई की जाती है। रात में ही इसे मुक्तिधाम के बाउंड्रीवाल के भीतर चढ़ाकर डंप किया जाता है। इस अवैध कारोबार में खनिज विभाग की मौन सहमति है।

**अवैध है रेत खदान**-जिस जगह से रेत निकाला जा रहा है, वह अभी खदान घोषित नहीं हुआ है। इसके बावजूद गैर कानूनी रूप से रेत का उत्खनन किया जा रहा है। रेत के इस अवैध कारोबार में सत्ताधारी भाजपा के एक बड़े नेता का हाथ है। इसीलिए प्रशासन और खनिज विभाग मूकदर्शक बने हुए हैं। अवैध रूप से रेत उत्खनन कर सरकार को रोजाना लाखों रुपए की रॉयल्टी का चूना लगाया जा रहा है।

**महंगे दाम में बेच रहे रेत**- डंकनी नदी से बगैर पिट पास व रॉयल्टी के रेत निकालकर महंगे दामों में बेचा जा रहा है। रेत ठेकेदारो के स्थानीय निर्माण कार्यों के अलावा बचेली-किरंदुल तक भेजा जा रहा है। जिसके एवज में प्रति टिप्पर 15 से 15 हजार तक वसूला जा रहा है।

इस मामले में जब माइनिंग विभाग का पक्ष जानने माइनिंग अफसर दंतेवाड़ा छबीलेश्वर मौर्य से जानकारी चाही गई तो उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया और पता करके बताता हूं कहकर फोन रख दिए।

जब जिले के माइनिंग अफसर को ही ये नहीं पता कि जिस जगह से रेत का खनन 1 डंपिंग हो रहा है वो लीगल है या अनलीगल तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि माइनिंग विभाग किस तरह से यहां काम कर रही है। साफ और सीधे तौर पर गलत पर पर्दा ढकने का काम किया जा रहा है। उनके बातों से ऐसा प्रतीत होता है जैसे खनिज विभाग के इशारे पर जिले में इस तरीके से रेत का अवैध खनन एवं परिवहन चलाया जा रहा है।

**एक नजर**

## जिले के पशु चिकित्सालय एवं कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों का कायाकल्प



**रायगढ़, 21 मार्च।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में रायगढ़ जिले के 68 पशु चिकित्सा केन्द्रों में रंगाई-पोताई का कार्य किया गया है। जिसके उपरांत अब उक्त संस्था एक नये स्वरूप में दिखाई दे रहे हैं और भवनों में रौनक आयी है। साथ ही जनसामान्य को साफ-सुथरी संस्थाओं में पशु चिकित्सा सेवा प्राप्त करने में सुविधा हो रही है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में पशु कल्याण समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के फलस्वरूप 68 पशु चिकित्सालयों को 6 लाख 80 हजार रुपये की राशि स्वीकृत हुई थी। उक्त राशि जिले के पशु चिकित्सालयों एवं कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों में रंगाई-पोताई, छत की सीपेज मरम्मत व सुदृढ़ीकरण जैसे कार्यों के लिए उपयोग किया गया। जिसमें 16 पशु चिकित्सालय, 27 पशु औषधालय, 2 कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र, 21 कृत्रिम गर्भाधान उपकेन्द्र, 1 रोग अन्वेषण प्रयोगशाला, 1 चल विरूजालय शामिल है। उक्त राशि को उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें रायगढ़ के द्वारा संबंधित विकासखंड के अधिकारियों के खाते में प्रदाय किया गया था। इस राशि के उपयोग से जिले में स्थित संस्थाओं की रंगाई-पोताई का कार्य किया गया है।

## रायगढ़ लाईवलीहुड कॉलेज में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रारंभ

**रायगढ़, 21 मार्च।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत रायगढ़ जिले के शासकीय प्रशिक्षण केन्द्र लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित प्रशिक्षण में सिलाई मशीन(5वी.), डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर(10वीं), इलेक्ट्रिशियन(10वीं), इलेक्ट्रिशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन(8वी.), जल वितरण संचालक(12वीं) कोर्स में निःशुल्क गैर अवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं, जिसमें बचे हुए सीटों की पूर्ति के लिए 24 मार्च 2025 को कॉलेज में काऊंसलिग का आयोजन किया गया है। उक्त काऊंसलिग में उपस्थित होकर कौशल प्रशिक्षण में भाग ले सकते है।प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षणार्थियों के आवागमन हेतु निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध है। प्रशिक्षण उपरांत सफल प्रशिणार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इच्छुक युवक-युवतियां लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास, अग्रसेन आईटीआई के बगल में, उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ में समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अथवा लाईवलीहुड कॉलेज रायगढ़ के संपर्क नं. 07762-299505 एवं मोबाईल नं 9755940953, 9827911451, 9406230959 से संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## जनपद स्तर पर रिक्त संविदा पदों पर 7 अप्रैल तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़, 21 मार्च।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जनपद पंचायत में विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक, क्षेत्रीय समन्वयक एवं लेखा सह एमआईएस सहायक के संविदा रिक्त पद के भर्ती हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से 7 अप्रैल 2025 तक सायं 5.30 बजे तक आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक आवेदक नियत तिथि एवं समय तक कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला-पंचायत रायगढ़, पिन नं. 496001 के नाम से पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन जमा कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला पंचायत रायगढ़ के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाईट https://raigarh.gov.in पर अवलोकन कर सकते है।

## ग्राम-अजीजगढ़ में भू-सर्वेक्षण प्रक्रिया समाप्त

**रायगढ़, 21 मार्च।** अपर कलेक्टर एवं जिला सर्वेक्षण अधिकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 67 (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में ग्राम-अजीजगढ़, प.ह.नं.-07, रा.नि.मं.-कुडुमकेला, तहसील-घरघोड़ा, जिला-रायगढ़ के 279.439 हे.क्षेत्र में से 162.899 हे.क्षेत्र के भू-सर्वेक्षण पश्चात सर्वेक्षित क्षेत्र के भू-अभिलेखों के निर्माण तथा संधारण की कार्यवाही के पूर्ण हो जाने की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम-अजीजगढ़ में संचालित भू-सर्वेक्षण संबंधी संक्रियाओं तथा क्रियाकलापों को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाना घोषित किया जाता है।

## सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के वारिसानों को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़, 21 मार्च।** अनुविभाग खरसिया अंतर्गत दो लोगों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु उपरांत तहसीलदार/ नायब तहसीलदार खरसिया की अनुशंसा पर एसडीएम खरसिया द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के परिजनों को 25-25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदाय की गई है। इनमें श्री प्रसाद दास महंत एवं श्री मनबहाल राठिया के परिजनों को 25-25 हजार रुपये की मान से कुल 50 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## निर्वाचन संबंधी विभिन्न मुद्दों पर सुझाव प्राप्त करने बैठक 24 मार्च को

**रायगढ़, 21 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में चुनाव प्रक्रिया के संबंध में सकारात्मक सुझाव प्राप्त करने हेतु 24 मार्च 2025 को दोपहर 12 बजे से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आहूत की गई है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रायगढ़ ने जिले के समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित होने हेतु आग्रह किया है।

# ज्यादा से ज्यादा कार्यों को बरसात के पहले पूरा कराएं:कलेक्टर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 21 मार्च।** जिले के अंदर निर्माण कार्यों की गति और गुणवत्ता को लेकर आज एक विशेष बैठक जिला कार्यालय में कलेक्टर ने आहूत की सभी विभागों को जिलाधीश ने सख्त निर्देश देते हुए कहा जिले में चल रहे निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करे।कलेक्टर ने सड़क पुल-पुलिया, शासकीय भवन, न्यायिक भवन एवं स्कूल आदि कार्यो की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने प्रगतिरत कार्यो में तेजी लाते हुए अधिकतम कार्यो को बरसात के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिले में पीएम जनमन योजना के तहत चल रहे सड़क निर्माण कार्यो की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा ग्रामीणों की सुविधा के लिए सभी कार्यो को उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज निर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, गृह निर्माण मंडल, राष्ट्रीय राजमार्ग, सीजीएमएससी एवं सेतु निगम के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले में चल रहे निर्माण कार्यो को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि स्वीकृत निर्माण कार्य जनसामान्य की बहुप्रतीक्षित मांगों से संबंधित होते हैं, इन निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना चाहिए। जिससे इसका लाभ संबंधित क्षेत्रवासियों को समय में मिल सके। उन्होंने मैदानी ईलाकों सहित वनांचल क्षेत्रों में स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यो की जानकारी ली। कलेक्टर ने सड़क पुल-पुलिया, शासकीय भवन, न्यायिक भवन एवं स्कूल आदि कार्यो की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने प्रगतिरत कार्यो में तेजी लाते हुए अधिकतम कार्यो को बरसात के मौसम के पहले पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिले में पीएम जनमन योजना के तहत चल रहे सड़क निर्माण कार्यो की भी जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों की सुविधा के लिए सभी कार्यो को उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर श्री अरविन्द पाण्डेय सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि विकास कार्यों की सूची बनाएं और उसके आधार पर मॉनिटरिंग करें, इससे निर्माण कार्य में तेजी आएगी। उन्होंने विकासखण्डवार चल रहे विकास कार्यों के लिए डायरी संधारित करने और छोटे-बड़े सभी प्रकार के विकास कार्यों को पूर्ण करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करने कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने निर्माण कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसी को निर्माण कार्यों में कोई परेशानी आती है उसकी जानकारी साझा करें। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं के अंतर्गत जो भी निर्माण कार्य स्वीकृत किये गए है, उसे शीघ्र प्रारंभ करें और जो कार्य निर्माणाधीन है उसे पूर्ण करें। कलेक्टर ने स्वीकृत निर्माण कार्यों में प्रगतिरत कार्य, अप्रारंभ कार्य के आधार पर अधिकारियों से चर्चा कर सभी कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल जतन योजना के अंतर्गत स्कूलों के जीर्णोद्धार कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क मरम्मत के कार्यो की भी जानकारी लेकर समय में पूर्ण करने के निर्देश दिये।

## ब्लड बैंक में हो रही समस्याओं को लेकर हेल्पिंग हैंड्स क्लब की टीम मिली कलेक्टर से

**खरसिया, 21 मार्च।** हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन द्वारा निरंतर ही पूरे प्रदेश के अनेकों प्रकार के सामाजिक कार्य निस्वार्थ भाव से किए जा रहे है । हर महीने रायपुर बिलासपुर भिलाई में रक्तदान शिविर सरकारी अस्पतालों में लगाए जाते आ रहे है। इसी कर्म में खरसिया में ब्लड बैंक में स्टाफ की टेक्नीशियन की कमी एवं इमरजेंसी केस में 24 घंटे रक्त उपलब्ध न होने जैसी अनेक समस्याओं के निवारण हेतु आज हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन की टीम ने रायगढ़ जिलाधीश कार्तिकेय गोयल से मुलाकात कर समस्याओं से उनको अवगत करवाया।

इस कड़ी में हेल्पिंग हैंड्स क्लब के प्रदेश अध्यक्ष अंकित अग्रवाल रक्तदान प्रदेश संयोजक लोकेश गर्ग राहुल डनसेना सहित अन्य मौजूद रहे। हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के संरक्षक बंटी सोनी , संरक्षक मनोज गोयल,प्रदेश उपाध्यक्ष विन्नी सलूजा महिला विंग अध्यक्ष बबीता अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अगले महीने की 20 तारीख को छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा महाकुंभ रक्तदान का एम्स हॉस्पिटल रायपुर में होने जा रहा है जिससे दूर दराज ग्रामीण एवं हर वर्ग के लोगों को बहुत राहत मिलेगी । साथ ही खरसिया में भी आगामी दिनों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाना है।

मानव सेवा माधव सेवा के संकल्प के साथ कार्य करती हुई यह संस्था आज हजारों लोगों तक मदद पहुंचा रही है जिसकी प्रशंसा आए दिनों सभी से सुनने मिलती है। जिलाधीश कार्तिकेय गोयल ने आश्वस्त कराया है कि जल्द ही समस्या का निवारण कर खरसिया सिविल अस्पताल में ब्लड बैंक 24 घंटे एवं स्टाफ में इजाफा किया जाएगा।

# विभागों के भेजे गए प्रकरणों को बैंक प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत करे : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 21 मार्च।** जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की 45वीं बैठक कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में जिले में बैंकिंग गतिविधियों से संबंधित योजनाओं की जानकारी ली गई। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को हितग्राहीमूलक बैंकिंग ऋण सुविधाओं से लाभान्वित करने के निर्देश सभी बैंकिंग अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने बैठक में जिले के सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासकीय विभागों द्वारा प्रेषित प्राकरणो प्राथमिकता से स्वीकृत करें। कलेक्टर ने हितग्राहीमूलक आवेदनों को शाखा लेवल में लंबित नहीं रखने के निर्देश दिये। यदि किसी प्रकरण का निराकरण समय-सीमा पर नहीं हो रहा है, तो उसकी जानकारी संबंधित विभागीय अधिकारी को अनिवार्य रूप से दे।कलेक्टर द्वारा जिन बैंक शाखा का ऋण अनुपात कम है उन्हें ऋण अनुपात निर्धारित समय सीमा में पूरा करने को कहा गया। साथ ही प्राथमिकता क्षेत्र, कृषि क्षेत्र, एमएसएमई ऋण वार्षिक लक्ष्य पूरा करने को कहा गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जनधन योजना अंतर्गत खोले गये बैंक खातों में आधार सीडिंग तथा रूपे कार्ड वितरण के प्रगति की समीक्षा की। साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, केसीसी, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की प्रगति, अंत्यावसायी स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, पीएम स्वनिधि योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजन, बैंक लिंकेंज की उपलब्धि सहित अन्य योजनाओं के जिले में प्रगति की समीक्षा कर हितग्राहियों को लाभान्वित करने के आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में बैंकों के कामकाज का सही विशलेषण के लिए सही आंकड़े प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने शासकीय प्रायोजित योजना अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जिला अंत्योदय स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला व्यापार एवं उद्योग, मत्स्य पालन से संबंधित बैंक को प्रेषित प्रकरणों पर ऋण स्वीकृत करने के लिए बैंकर्स को आवश्यक पहल करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री जी.आर. मरकाम, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड श्री पंकज सोनटके, एसबीआई रायपुर के एलडीओ श्री सदानंद बास्के, अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री मोहम्मद मोफिज, महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग श्री डीबी ध्रुव, सहायक संचालक मत्स्य श्री ए.के. वशिष्ट, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंत्यावसायी सुश्री रश्मि गुप्ता, डीपीएम एनआरएलएम, प्रतिनिधि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, खादी ग्रामोद्योग, आदिवासी स्वरोजगार एवं अंत्योदय स्वरोजगार विभाग के अधिकारी एवं विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

## चंद्रशेखरपुर (एडु) व खेदापाली में चक्का जाम हुआ समाप्त, सड़क निर्माण प्रारंभ



**रायगढ़, 21 मार्च।** चंद्रशेखरपुर (एडु) व खेदापाली में आज सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। एसडीएम धरमजयगढ़ श्री धनराज मरकाम ने बताया कि यहां सड़क निर्माण के लिए मटेरियल पहुंचाने के साथ ग्रेडर से कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिसके पश्चात सड़क निर्माण को लेकर चंद्रशेखरपूर (एडु)व खेदापाली में चल रहा चक्का जाम शाम 5 बजे समाप्त हो गया है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम धरमजयगढ़ श्री धनराज मरकाम के नेतृत्व में अधिकारियों ने स्थानीय निवासियों से चर्चा की तथा उन्हें आश्वस्त किया कि चंद्रशेखरपुर (एडु) व खेदापाली के बीच जर्जर हिस्से का निर्माण कार्य सबसे पहले किया जाएगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों तथा ठेकेदार को भी इसके लिए निर्देशित किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम धरमजयगढ़ श्री धनराज मरकाम ने बताया कि चंद्रशेखरपुर (एडु) व खेदापाली में सड़क निर्माण का काम प्रारंभ कर दिया गया है। इसके लिए यहां हाईवा में मटेरियल पहुंचाकर तथा ग्रेडर से सड़क के लेबलिंग का काम प्रारंभ कर दिया गया है।

**पेयजल सप्लाई**



**बीजापुर। वार्ड-12 के चट्टान पारा में सोलर पंप से पेयजल सप्लाई हो रही है इससे वार्डवासियों को मिली है राहत।**

## मुठभेड़ के बाद सर्चिंग जारी

**बीजापुर,21 मार्च ।** बीजापुर और दंतेवाड़ा के सरहदी में थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत माओवादी विरोधी अभियान पर संयुक्त टीम निकली थी ।अभियान के दौरान आज दिनांक 20/03/2025 के सुबह 07 बजे से माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच लगातार फायरिंग जारी है मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में ऑटोमैटिक हथियार और गोला बारूद के साथ अठारह नक्सलियों के शव बरामद मुठभेड़ में Bijapur DRG के एक जवान शहीद हो गया क्षेत्र में मुठभेड़ सर्चिंग जारी है ।

## पालिटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए 11 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर,21 मार्च ।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में पालीटेक्निक प्रवेश परीक्षा (पी.पी.टी.)का छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल व्यापंम द्वारा आयोजित होना है। आनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 11 अप्रैल 2025 निर्धारित किया गया है।

## जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत



**बीजापुर,21 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी एल एल धनेलिया, जिला मिशन समन्वयक कमलदास झाड़ी एवं सहायक परियोजना समन्वयक वेंकट रमन के नेतृत्व में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय एलिमेंट्री एवं सेकेंडरी क्विज प्रतियोगिता, विकासखंड स्तर से चयनित प्रतिभागियों के साथ संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक विकासखंड से एलिमेंट्री एवं सेकेंडरी स्तर से चयनित तीन-तीन प्रतिभागियों को आमंत्रित कर जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चारों विकासखंड से एलिमेंट्री एवं सेकेंडरी स्तर से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में एलिमेंट्री एवं सेकेंडरी स्तर से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागियों का चयन किया गया। विकासखंड के विभिन्न शालाओं से आए शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं पोर्टा केबिन के बच्चों की उत्साहजनक उपस्थिति में दिनांक 20.03.2025 को आयोजित हुई। एलिमेंट्री स्तर क्विज प्रतियोगिता में विकासखंड भोपालपटनम एलिमेंट्री स्तर से कु. श्रीजल केजी (प्रथम), विकासखंड उसूर से संतोष काका (द्वितीय), एवं विकासखंड बीजापुर से कु सुनीता गोटा (तृतीय) स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार सेकेंडरी स्तर विकासखंड उसूर से कु. इंदु काका (प्रथम), विकासखंड बीजापुर से कु. सेवंती वारगेम (द्वितीय) एवं कु. रेणुका कोरसा (तृतीय) स्थान प्राप्त किया। सभी जिला एवं विकासखंड स्तरीय विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में अजय (आईटी विशेषज्ञ), ललित निषाद (लिटरेसी),घनश्याम साहू (न्यूमेरेसी) और सभी विकासखंड से आए हुए शिक्षकों एवं विद्यार्थीयों की गरिमामयी उपस्थिति में फोटो सेशन पश्चात कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## सीईओ ने 4 कर्मचारियों की रोकी वेतन वृद्धि

**बीजापुर,21 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने 1 उप अभियंता सहित 3 सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी पर कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से एक वेतन वृद्धि असंचीय प्रभाव से रोक लगा दी है। यह कार्रवाई सौंपे गए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के दायित्व में लापरवाही बरतने के साथ ही मीटिंग और वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक में अनुपस्थिति और कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब प्रस्तुत नहीं करने अथवा संतोषजनक जवाब नहीं देने के कारण की गई है।

## डाटा एन्ट्री ऑपरेटर की वरीयता सूची प्रकाशित

**बीजापुर,21 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ नया रायपुर के द्वारा मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत जिला स्तरीय पदो पर कर्मचारियों के भर्ती पर विज्ञापन प्रकाशित किया गया था जिसमें जिले में रिक्त सहायक सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के पद का अंतिम वरीयता सूची प्रकाशन एवं जिला स्तरीय चाईल्ड लाईन के विभिन्न पदो पर संविदा भर्ती हेतु जारी विज्ञापन पर प्राप्त आवेदनों पर पात्र-अपात्र सूची प्रकाशन कर दावा-आपत्ति दिनांक 24.03.2025 तक कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर या ई-मेल icpsbijapurw®vy@gmail.com के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात दावा-आपत्ति आवेदन मान्य नही होगा सूची का अवलोकन जिले के वेबसाईट www.bijapur.gov.in पर कर सकते है।

# नीति आयोग की महानिदेशक ने आकांक्षी जिलों के प्रगति सूचकांकों की समीक्षा की



**महासमुन्द 21 मार्च ।** नीति आयोग की महानिदेशक व राज्य नोडल अधिकारी आकांक्षी विकास कार्यक्रम श्रीमती निधि छिब्बर ने आज शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर आकांक्षी सूचकांकों की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, कौशल, वित्तीय समावेश, और बुनियादी ढांचे में हुए कार्यों की समीक्षा की और रैंकिंग सुधारने के लिए अधिकारियों को बेहतर प्रदर्शन की दिशा में काम करने के निर्देश दिए।

श्रीमती छिब्बर ने कहा कि सम्पूर्णता अभियान का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है और इसके लिए अधिकारियों को सक्रिय रूप से कार्य करना होगा। साथ ही, कार्यों की प्रगति सूचकांकों के अनुरूप तीव्र गति से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आंकड़े लक्ष्य पूर्ति के पश्चात ही सतत समीक्षा करते रहे ताकि विकास की प्रक्रिया न रूके। उन्होंने कहा कि मैदानी अमलों को जो आंकड़े भरते हैं उनका प्रशिक्षण किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि जिले में पिथौरा विकासखंड को नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला के रूप में चयन किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस.आलोक ने विभागीय गतिविधियों से संबंधित प्रगति एवं लक्ष्य के संबंध में पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुति दी।

समीक्षा में स्वास्थ्य एवं पोषण क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने, बीमारियों की पहचान के लिए अभियान चलाने और कुपोषित बच्चों के लिए सघन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए विभिन्न सर्वे रिपोर्ट के आधार पर सुधार करने की बात की गई और पारम्परिक व्यवसायों को कौशल विकास प्रशिक्षण के साथ जोड़ा जाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।श्रीमती छिब्बर ने डाटा एंट्री के लिए विशेष प्रशिक्षण की भी आवश्यकता बताई और बच्चों के कम वजन की समस्या पर ध्यान देते हुए एनआरसी में भर्ती कराने और पोषण ट्रेकर के माध्यम से लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विकासखण्डों में एनआरसी खोले जाएं। वहीं किसानों को सशक्त बनाने के लिए किसान उत्पादक संघ का निर्माण भी किया जाए। महिलाओं को उनके रिवॉल्विंग फंड समय पर उपलब्ध कराएं ताकि फंड से अपने व्यवसायों को गति दे सकें। श्रीमती छिब्बर ने सूचकांकों के सुधार के लिए जन्म के समय बच्चों के कम वजन को ध्यान में रखते हुए एनआरसी में भर्ती कराने और पोषण ट्रेकर के माध्यम से लगातार मॉनिटरिंग करने कहा है। साथ ही महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य और मितानिनों को आपस में समन्वय कर डाटा एकत्र करने के निर्देश दिए हैं। शिक्षा विभाग को शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए नियमित वार्षिक कैलेण्डर का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं। अध्यापकों को राज्य एवं जिला स्तर पर अलग-अलग विषयों पर प्रशिक्षण देने पर जोर दिया। बैठक में अपर कलेक्टर रविराज ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी श्री हरिशंकर पैकरा, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास एवं जिले के विभिन्न विभागों के ज़िला अधिकारी उपस्थित थे।

## श्रमिक कल्याण योजनाओं के तहत 4970 श्रमिकों को 3.03 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता

**महासमुंद, 21 मार्च।** श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के हित में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा मिल सके। जिले के श्रम कल्याण अधिकारी श्री डी.एल. पात्र ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत संचालित योजनाओं के माध्यम से पंजीकृत श्रमिकों को लाभ पहुंचाया गया है। इन योजनाओं के तहत श्रमिकों को योजनावार आर्थिक सहायता प्रदान की गई है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने बताया कि जिले में 1 अक्टूबर 2024 से 20 मार्च 2025 तक विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कुल 4970 श्रमिकों को 03 करोड़ 03 लाख 45 हजार से अधिक की आर्थिक सहायता प्रदान कर लाभान्वित किया गया है। विभिन्न योजनाओं के तहत वितरित सहायता राशि जिसमें मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी योजना के तहत 62 लाभार्थियों को 6 लाख 59 हजार 750 रुपए, मिनी माता महतारी योजना के 290 लाभार्थियों को 58 लाख रुपए, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के 3960 लाभार्थियों को 80 लाख 5 हजार 500 रुपए, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के 62 लाभार्थियों को 6 लाख 59 हजार 750, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के 123 लाभार्थियों को 24 लाख 60 हजार रुपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के 34 लाभार्थियों को 34 लाख रुपए और मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के 501 बच्चों को 01 करोड़ 20 हजार रुपए आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इन सभी योजनाओं के तहत दी गई आर्थिक सहायता डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से सीधे श्रमिकों के बैंक खातों में जमा की गई। यह पहल श्रमिकों और उनके परिवारों को शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# मुख्यमंत्री किसानों के हितार्थ गंगरेल बांध से पानी छोड़ने निर्देश जारी करें : शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 21 मार्च।** नई कृषि ऊपज मंडी के जनक पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव ने भाटापारा विधान सभा के ग्राम गुडेलिया, चमारगुड़ा, पासिद, रामपुर, करहीबाजार, चिचपोल गांवों का सघन दौरा कर ग्रामीण कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, किसानों एवं महिला समूह के सदस्यों से भेंट मुलाकात कर अनेक मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया।

सुशील शर्मा एवं अरुण यादव ने बताया कि गांव गांव में पेयजल की समस्या विकराल होने वाली है, हैंडपम्प और तालाब सूखने के कगार में पहुंच चुके है, किसानों के मोटर पम्प बंद होते जा रहे है क्योंकि खेतों में लगे बोर पम्प सूखने के कारण किसानों की रवि फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है फसल के साथ ही साथ सब्जी बाड़ी करने वाले किसान भी भयभीत और चिंतित है, किसानों और



कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग करते हुये कहा कि किसानों और जनता जनार्दन के हितार्थ तत्काल ही भाटापारा शाखा नहर में गंगरेल बांध से पानी छोड़ा जाए जिससे किसानों की रवि फसलों को बचाया जा सके, नलकूपों और तालाबों में भरपूर पानी मिल सके, गांव गांव में अघोषित विद्युत कटौती लगातार जारी है, विकाश के नाम पर सिर्फ झुनझुना बजाया जा रहा है, शराब बंद करने की ढिंढोरा पीटने वाली भाजपा सरकार ने अपनी तुगलकी फरमान में गांव गांव में शराब दुकान खोलने का निर्देश आबकारी विभाग को दिया है सरकार अपनी तुगलकी फरमान को वापस ले अन्यथा गांव गांव में शराब दुकान खोलने का पुरजोर विरोध किया जायेगा। किसान नेता सुशील शर्मा के गांव गांव पहुंचने पर ग्रामीण जनों ने आतिशबाजी और पुष्पमाला के साथ जोरदार स्वागत किया, दौरे में सुशील शर्मा के साथ प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव, जिला सचिव सचिन शर्मा, गंगा जायसवाल, कोमल साहू, लुकेश यदु, रिखीराम, निर्मल साहू उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के भोजन के भुगतान में गड़बड़ी




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 21 मार्च।** आरटीआई कार्यकर्ता कृष्णा गंजीर ने सूचना के अधिकार में प्राप्त दस्तावेजो को दिखाते हुये बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भखारा में भर्ती होने वाले मरीजों को भोजन दिया जाता है। अस्पताल में भर्ती मरीजों को भोजन देने के नाम पर लाखों रूपये का भुगतान किया गया है पर इसके लिये भंडार क्रय नियम का पालन नहीं किया गया आरटीआई लगने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भखारा द्वारा आनन फानन में भाव पत्र तैयार किया गया जो पूर्ण फर्जी है। जितने भी दस्तावेज बीएमओ द्वारा सूचना के अधिकार में दिया गया है उसमे कोई भी दस्तावेज जैसे विभाग द्वारा जारी पत्र, समूह और होटल से प्राप्त भाव पत्र में दिनांक और आवक जावक नंबर अंकित नहीं है। वर्ष 2024-25 में जननी शिशु सुरक्षा और अन्तः रोगी भर्ती मरीजों को भोजन प्रदायगी हेतु भाव पत्र आमंत्रित करने जो पत्र जारी किया गया है उसमें दिनांक 24.12.23 को जारी किया गया जिसमे जय माँ चंडी महिला स्व सहायता समूह, सुधीर भोजनालय, आकांक्षा महिला स्व सहायता समूह से भाव पत्र लिया गया है। जिसका तुलनात्मक अध्ययन वाले नोटशीट में तीन लोग हस्ताक्षर कर प्रक्रिया को पूर्ण कर सुधीर भोजनालय को जारी करने जो कार्यादेश जारी किया गया है। वह भी 24.12.23 के तारीख में जारी किया गया है और अक्टूबर 2023 में 169 भर्ती मरीजों को 600 रुपये की दर से 1014 थाली का बिल राशि-1, 01, 400 रुपया भुगतान राशि 74, 000 रुपये का बिल भुगतान बीएमओ के द्वारा किया गया है। बिल के साथ दिये संलग्न सूची में ना मरीज का भर्ती तिथि अंकित है ना ही छुट्टी की तिथि अंकित है। सूचना के अधिकार के तहत 2022 से जनवरी 2025 तक की जानकारी मांगी गई थी पर जनसूचना अधिकारी सिविल अस्पताल कुरुद बांकी वर्षो में किये भुगतान और अन्य जानकारी न देकर मरीजो के भोजन पर जो भांजी मारे है उस कृत्य को छुपाने का प्रयास किया है।

शासन द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों को दिये जाने वाले भोजन के भुगतान में किये गये भ्रष्टाचार की जांच प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव स्वच्छ छवि और तेज तर्रार अधिकारी अमित कटारिया को अपने स्तर पर करना चाहिए ताकि दोषी अधिकारियों को सजा मिले और जरूरत मंद मरीजों को सरकार के व्यवस्था के तहत अस्पताल में मिलने वाला भोजन इसके साथ मेडिकल प्रतिपूर्ति, यात्रा भत्ता राशि वितरण की ओर भी झांक लेंगे तो कुछ और राज खुल सकता है। जितनी राशि का भ्रष्टाचार हुआ होगा उस राशि को संबंधित आहरण संवितरण अधिकारी से वसूलकर साय सरकार के जीरो टॉलरेंस को सिद्ध कर सकते है।

वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भखारा में भर्ती मरीजों को भोजन देने के नाम पर जो भाव पत्र मंगाया गया है उस लेटर का दिनांक और कार्य आदेश का दिनांक दोनों समान है। इस तरह का दस्तावेज संधारित किया जाता है क्या अगर ये गलत है तो क्या कार्रवाई करेंगे।और कुरुद बीएमओ उमाशंकर नवरत्न और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भखारा सहायक चिकित्सा अधिकारी गौरव बंगानी बता पाएंगे। हमारे प्रतिनिधि को सहायक चिकित्सा अधिकारी गौरव बंगानी ने बताया कि सूचना के अधिकार लगाने वाले आवेदक को त्रुटिवश दस्तावेज मिल गया होगा तो उसे सुधार कर दे देंगे।

## एक नजर

### सीईओ जिला पंचायत ने निर्माणाधीन पीएम आवास का किया निरीक्षण



**बलौदाबाजार, 21 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सीईओ जिला पंचायतसुश्री दिव्या अग्रवाल ने गत दिवस बलौदाबाजार जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कोकड़ी और दशरमा का दौरा कर प्रधानमंत्री आवास योजना( ग्रामीण) अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों एवं सम्बंधित कर्मचारियों को तेजी से आवास निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिये।सीईओ जिला पंचायत के द्वारा हितग्राही सोहन दास, सेवती बाई, जोधराम, सेवक राम मानिकपुरी के द्वाराप्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बनाए जा रहे आवासो का निरीक्षण किया गया। पंचायतों में कुछ हितग्राहियों को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सेंट्रिंग प्लेट प्रदान किया गया है।

### नवनिर्वाचित सरपंचों को बताई गई पंचायत राज व्यवस्था की बारीकियां



**बलौदाबाजार, 21 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पंचायत राज व्यवस्था की व्यापक जानकारी देकर प्रभावी नेतृत्व प्रदान करने के उद्देश्य से जिले के विकासखंड कसडोल अंतर्गत नवनिर्वाचित सरपंचों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को जिला पंचायत संसाधन केंद्र मे किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री दिव्या अग्रवाल ने विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। इसके साथ ही विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के द्वारा सरपंचों को पंचायत संचालन, प्रशासनिक प्रक्रियाओं, वित्तीय प्रबंधन और ग्रामीण विकास से संबंधित विषयों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिए गए।

### फंदे पर झूलती मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश

**तिल्दा-नेवरा, 21 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** धन्नू यदु जो बिलाडी कक्ष क्र. 41 जंगल में चैकीदार है जो 18 मार्च को बिलाडी कक्ष क्र. 41 आरक्षित वनक्षेत्र में भ्रमण करते दिनांक 18 मार्च को करीब 11 बजे पहुँचने पर एक अज्ञात व्यक्ति उम्र करीब 55 वर्ष का सागौन वृक्ष के डाल पर फंद्रा बनाकर मृत अवस्था में लटका होने शरीर काला पड जाने की सूचना दर्ज कराने पर थाना तिल्दा नेवरा में मर्ग कायम कर अज्ञात मृतक पुरूष एवं उसके वारिसानो की पतासाजी में लिया गया है। घटनास्थल के पास से एक सफेद सफेद, काला फुलपेंट मिला, लाल नीला आसमानी चैखना गमछा कपडा मिला है। मृतक का फेटोग्राफएवं हुलिया की पहचान कर जानकारी होने या पता चलने पर थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर को दूरभाष नंबर 94791-91056, 07721-233707 पर सूचित करें।

### तांदुला बांध के निकट भालू की मौत पर अधिकारी-कर्मचारियों से मांगा जवाब

**बालोद, 21 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वनमण्डलाधिकारी बीएस सरोटे ने कहा कि जिले के वनमंडल बालोद अंतर्गत तांदुला बांध के समीप वन्य प्राणी भालू की संदिग्ध हालत में मौत होने की सूचना मिलने पर वन विभाग के संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को स्पष्टीकरण जारी कर जवाब मांगा गया है। उन्होंने बताया कि उक्त घटना बालोद वन परिक्षेत्र के सहायक वन परिक्षेत्र हर्राठेमा से होना संभावित है। संबंधित सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं अधिनस्थ परिसर रक्षकों को स्पष्टीकरण जारी कर जवाब मांगा गया है तथा उपवनमंडलाधिकारी बालोद को पत्र जारी कर घटनाक्रम के संबंध में तथ्यात्मक जांच प्रतिवेदन तत्काल प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त घटना के संबंध में यदि कोई भी अधिकारी-कर्मचारी दोषी पाया जाता है तो वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के अनुरूप कार्यवाही की जाएगी।

### निधन

**चन्द्रेश साहू**



**सिमगा, 21 मार्च।** सिमगा निवासी चन्द्रेश साहू गुरुजी 50 वर्ष के उम्र में निधन हो गया अपने पीछे अपना परिवार छोड़ गए उनके परिवार को भगवान ये दुख सहने की सहनशीलता दे अंतिम संस्कार स्थानीय सिमगा मुक्तिधाम में किया गया वह महेंद्र साहू रूपेश साहू के बड़े भाई थे।

## राजादेवरी पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का किया भंडाफोड़

# गिरोह के तीन सदस्य पकड़े गए

■ **रीकोकला में छिपाते व बाद में बेच देते थे बाइक को**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कसडोल/सोनाखान, 21 मार्च।** बलौदाबाजार जिले की साइबर सेल व थाना राजा देवरी की पुलिस टीम ने एक बड़े मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़ करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से कुल 16 चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई है। यह गिरोह पिछले 15 महीनों से लगातार विभिन्न मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था।

इस मामले में थाना राजा देवी में अपराध क्रमांक 16/2025 के साथ धारा 331 (4) और 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया जारी है। मामले की जांच जारी है और पुलिस को गिरोह से जुड़े अन्य मामलों के खुलासे की भी उम्मीद है। पुलिस अधीक्षक नें इस सफलता पर साइबर सेल और थाना राजा देवरी की पुलिस टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि जिले में अपराधों को रोकने के लिए पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त करवाई जारी रहेगी। बलौदाबाजार - भाटापारा पुलिस अधीक्षक ने बतलाया बतलाया कि साइबर सेल और थाना राजा देवरी के पुलिस टीम को पिछले कुछ महीनो से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं की लगातार शिकायतें मिल रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने कई अहम सुराग जुटाए और आखिरकार 20 मार्च को पुलिस ने इस गिरोह का पर्दाफाश किया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 16 मोटरसाइकिल बरामद की है जिनकी चोरी बलौदाबाजार -भाटापारा, रायपुर, महासमुंद जिले से की गई थी। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि वह मोटरसाइकिल की चोरी कर उन्हें अपने ठिकाने पर ला कर छिपा देते थे और ग्राहक मिलने पर सस्ते दामों में बेच देते थे। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि वह एक संगठित गिरोह की तरह काम करते थे। चोरी की गई मोटरसाइकिल को पहले ग्राम रीकोकला (चांदन/पिथौरा) में छुपा दिया जाता था। जब मामला शांत हो जाता था और ग्राहक मिल जाते थे तब मोटरसाइकिल को ठिकाने से निकाल कर बेच दिया जाता था। आरोपियों के नाम खिरोद डडसेना, (36), ग्राम रीकोकला, थाना राजा देवरी, जिला-बलौदाबाजार, कीर्तन डडसेना, (49), ग्राम रीकोकला, थाना राजा देवरी, जिला-बलौदाबाजार, जगेंद्र यादव, (30), ग्राम लोहारीपथरा, थाना भखारा जिला धमतरी है।

### भखारा नगर परिक्षेत्र साहू समाज के पदाधिकारियों को सीएमओ ने चाबी सौंपी

**भखारा, 21 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पंचायत भखारा में नगर परिक्षेत्र साहू समाज भवन के लिए अतिरिक्त कक्ष का निर्माण विधायक निधि से किया गया है निर्माणाधीन भवन का लोकार्पण नवंबर माह में विधायक अजय चंद्राकर के द्वारा किया गया था किन्तु उक्त अतिरिक्त कक्ष का निर्माण करने वाले ठेकेदार को भुगतान नहीं के कारण नगर परिक्षेत्र साहू समाज को चाबी सौंपा नहीं गया था। शुक्रवार को नगर परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष जितेंद्र तेलासी, उपाध्यक्ष सोमनाथ साहू, तहसील उपाध्यक्ष मीलू राम साहू ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी संतोष विश्वकर्मा से मुलाकात कर अतिरिक्त कक्ष की चाबी सौंपने का आग्रह किया जिस पर सीएमओ विश्वकर्मा ने ठेकेदार को तुरंत बुलाकर सामाजिक पदाधिकारियों को भवन की चाबी सौंपा। जिसके लिए नगर परिक्षेत्र साहू समाज भखारा की पदाधिकारियों ने विधायक अजय चंद्राकर एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर आभार माना।



## सिमगा थाना प्रभारी ने नवनिर्वाचित सरपंचों के साथ किया संवाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 21 मार्च।** आज संध्या 5 बजे थाना परिसर में थाना प्रभारी योगिता खापर्डे ने थाना अंतर्गत ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित सरपंचों के साथ संवाद स्थापित किया। जंहा थाना प्रभारी ने सरपंचों से कहा कि अगर हमें अपने गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखना है तो सभी गांवों में जागरूक महिलाओं का महिला समूह बनाया जाये जो संध्या में 7 बजे से रात 10 बजे तक ग्राम में भ्रमण करें। ग्राम में अवैध शराब की बिक्री सार्वजनिक जुआ जैसे अन्य अपराधिक गतिविधियों की जानकारी तुरंत उपलब्ध कराऐं ताकि समय में उचित कार्यवाही हो सके।

यदि कोई फेरी वाला वयक्ति गांव में आता है तो तत्काल उसके बारे में जानकारी लेवे उसका आधार



कार्ड या अन्य पहचान पत्र ग्राम कोटवार के माध्यम से थाना में उपलब्ध करावे गांव के चौक चौराहे पर रौशनी की व्यवस्था हो। गांव के मेन रोड में रोड में व्यवसायिक दुकानों में सी सी टी वी कैमरा लगवाएं बाईक पर तीन सवारी चलने वालों को समझाईस दे। वहीं सरपंचों ने भी थाना प्रभारी से कहा कि हमारे सूचना पर अवैध कारोबार संचालित करनें वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करे। पेट्रोलिंग वाहन गांवों का भ्रमण करें ताकि अवैध कारोबार संचालित करने वालों के मध्य भय बना रहे। मुख्य रूप से ग्राम कामता के सरपंच घनश्याम गिरी गोस्वामी बनसांकरा सरपंच राहुल ठाकुर, औरेंठी सरपंच नरेश साहू अकलतरा सरपंच नरेन्द्र यदु ने अवैध शराब अन्य नशीली पदार्थों की खुलेआम बिक्री की बात कही। जिस पर थाना प्रभारी ने आश्वासन देते हुए कहा कि आप हमें अवैध कारोबारियों का नाम बताएं उनके विरुद्ध अवश्य ही कार्यवाही होगी। सभी सरपंचों ने इस बैठक के लिए थाना प्रभारी का आभार व्यक्त किया।

## केसरवानी समाज का होली मिलन समारोह आयोजित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 21 मार्च।** मंगलवार को केसरवानी समाज के द्वारा केसरवानी मंगल भवन में होली मिलन का आयोजन एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अशवनी शर्मा नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया का सम्मान किया गया उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा विशेष अतिथि अश्वनी शर्मा एवं कार्यक्रम अध्यक्षता दिलीप छाबड़िया ने किया मंच पर समाज के संरक्षक गरीबा लाल नगर सभा अध्यक्ष प्रदीप केशरवानी उपस्थित थे।

मंच संचालन दीपक केसरवानी. राजा ने किया आभार व्यक्त महामंत्री प्रवीण केशरवानी ने किया एवं होली फाग उत्सव का भजन केसरी नंदन दीपक केसरवानी ने किया एवं अन्य समाज में गुप्ता समाज.. ब्राह्मण समाज.. गुजराती समाज .पंजाबी समाज.. वर्मा समाज .अग्रवाल समाज.. की महिलाओं को भी आमंत्रित किया गया था उक्त कार्यक्रम में मुख्यरूप से चंद्र मोहन केशरवानी विनोद केशरवानी कमल केस. अशोक केसरवानी प्रमोद रामकिसन नारायण मयंक संतोष प्रेम प्रकाश प्रभु लाल नवीन विजय विनोद राम नारायण नारायण मुरारी लाल सुनील कुमार मनोज एवं तरुण सभा से अभय राहुल प्रांजल अमन पंकज सौरभ अक्षत एवं महिला सभा से अध्यक्ष बबीता केशरवानी रजनी सोनाली केसरवानी कांति रीता पदमा मुक्ता स्वाति पूजा सपना मयूरी हर्षा एवं पूरी टीम उपस्थित थी।

## तरेंगा राज देवांगन समाज के अध्यक्ष बने खेमलाल देवांगन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 21 मार्च।** तरेंगाराज देवांगन समाज के मुख्यालय श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण सिंगारपुर में विगत दिनों तरेंगाराज देवांगन समाज का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न हुआ। जिसमें तरेंगाराज देवांगन समाज के पूर्व पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त होने पर नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया।जिसमें सर्व सम्मति से सोनालिका ट्रैक्टर, बादल आटो एवं बादल पानी पाउच के प्रोपराइटर खेमलाल देवांगन जी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया साथ ही उपाध्यक्ष तोरण देवांगन निपनिया, तुकेश्वर देवांगन मोपर, सचिव सुरेश कुमार देवांगन लेवई, कोषाध्यक्ष गोपाल देवांगन बिटकुली, सह सचिव गोलू देवांगन मल्दी, तथा युवा पदाधिकारी विनोद देवांगन बिटकुली, अभय देवांगन तरेंगा, बसंत देवांगन करही बाजार, लिकेश्वर देवांगन सिंगारपुर, राजेन्द्र देवांगन लेवई, को नियुक्त किया गया। नये पदाधिकारियों, द्वारा समाज में एकता एवं अखंडता बनाए रखने की अपील किया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रदेश देवांगन कल्याण समाज के प्रदेश प्रवक्ता जनकराम देवांगन अर्जीनवीस, श्रीसुन्दरम वस्त्रालय के संचालक खुशी देवांगन एवं सरस्वती शिशु मंदिर सिंगारपुर के संचालक डोमन देवांगन सहित तरेंगाराज देवांगन समाज के सदस्यगण द्वारा अपनी शुभकामनाएं दिया गया।

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने पेय पदार्थों की जांच के लिए लिया सैंपल, कमियों को दूर करने दिया नोटिस

**बलौदाबाजार, 21 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में गर्मी सीजन में बिकने वाले खाद्य पदार्थ जांच खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा की गई। इस दौरान पेय पदार्थो के गुणवत्ता हेतु सैंपल लिया गया और कमियों को दूर करने नोटिस दी गई। टीम के द्वारा भाटापारा के साई सेल्स से हिंद पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर और ब्ल्यू पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर की गुणवत्ता एवं लेबल जांच हेतु खाद्य नमूना का लिया गया। इसी तरह मेसर्स अवधेश गुप्ता पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर प्लांट का निरीक्षण कर कमियों को दूर करने नोटिस दिए।खाद्य नमूना को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा एवं वहां से रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



**घर से बाहर निकलकर अपने जीवन की कहानी को एक नया मोड़ दे रहीं महिलाएं**

# सब्जी की खेती कर हर महीने अतिरिक्त आय अर्जित कर रहीं कमला स्वसहायता समूह की महिलाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 21 मार्च।** यह कहानी बालोद जिले के गुरूर विकासखण्ड के छोटे से गांव खैरवाही की है। जहॉ सीमित अवसरों और संसाधनों के बीच गांव की कुछ महिलाओं ने अपने घर की चारदिवारी से निकलकर अपने जीवन की कहानी को एक नया मोड़ दिया है। इन महिलाओं ने सब्जी बाड़ी के कार्य को चुनकर अपने जीवन को आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की राह पर लाया है। ग्राम खैरवाही की कमला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने गॉव में की जा रही पारम्परिक रूप से धान की खेती से हटकर सब्जी बाड़ी के कार्य को चुना। जिससे उन्हें अब प्रतिमाह बेहतर आय अर्जित हो रहा है, वे अब अपनी जरूरतों के साथ ही घर का खर्च भी वहन करने में सक्षम हुई हैं। कमला स्वसहायता समूह की सीता साहू ने बताया कि उनके समूह में कुल 10 महिलाएं हैं। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर अपने समूह को सशक्त बनाने का कार्य किया है। घरेलु महिलाओं को घर से बाहर ले जाने के साथ ही उन्हें बैंक से ऋण



लेना, गॉव में कृषि भूमि, सिंचाई का साधन, सब्जी की बुआई, उत्पादन सहित विक्रय हेतु सब्जी मण्डी तक परिवहन का कार्य करना, यह सब कार्य उन्होंने बिहान से जुड़कर सीखा है, जिससे आज उनके जीवन की कहानी में सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता एक नया अध्याय जुड़ा है।

समूह की महिलाओं ने बताया कि उन्होंने सब्जी बाड़ी के कार्य की शुरूआत छोटे स्तर से की थी, लेकिन समय के साथ आज वे लगभग 23 एकड़ कृषि भूमि में खेती का कार्य कर रहीं हैं। जिसके लिए उन्होंने गॉव के अन्य लोगों को भी काम पर रखा हुआ है। उन्होंने बताया कि मौसम के आधार पर वे सब्जी की फसल का उत्पादन करती हैं, जिससे उन्हें अच्छा उत्पादन और बेहतर मुनाफा होता है। पहले वे आसपास के बाजार में सब्जियों का विक्रय करते थे, लेकिन अब उत्पादन अधिक होने से बालोद सहित धमतरी और चारामा के सब्जी मंडी में भी उत्पादित सब्जियों का विक्रय करते हैं। वर्तमान में उनके द्वारा भिण्डी, कुम्हड़ा, लौकी, गोभी, ककड़ी आदि का उत्पादन किया जा रहा है। समूह की सदस्य सीता साहू ने बताया कि उनके समूह की सभी महिलाओं को प्रतिमाह महतारी वंदन योजना का भी लाभ मिल रहा है। जिससे उन्हें अपने कार्य को निरंतर ही बेहतर ढंग से करने के लिए प्रोत्साहन मिल रहा है। महिलाओं ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रदेश में महिलाओं के हित में बेहतर कार्य कर रहे हैं। हम महिलाओं को सशक्त बनाकर लखपति दीदी बनाने का कार्य किया जा रहा है। समूह की सदस्यों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे महिलाओं को आगे बढ़ाने व प्रोत्साहित करने के लिए बेहतर कार्य कर रहे हैं।

# विष्णु के सुशासन में
# महिला सशक्तीकरण



## महतारी सदन

महिलाओं को रोजगार मूलक कार्यों के जरिए स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंचायत स्तर पर

**179 महतारी सदनों** का निर्माण

## महतारी वंदन

महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और आहार-पोषण के लिए प्रति माह **₹1000**

**70 लाख** महिलाओं को मिल रहा लाभ

संवाद आरओ-43270/1




## सुशासन से समृद्धि की ओर

ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क


कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26